

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 285
ग्वालियर, गुरुवार, 9 दिसम्बर, 2021
■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## खास खबर

### पांच के बजाय सात साल की सरपंची

**भोपाल।** प्रदेश में इस बार ग्राम, जनपद और जिला पंचायतों का कार्यकाल पांच के बजाय सात का हो गया। इसी कारण सरपंचों सहित अन्य पदाधिकारियों का कार्यकाल पांच के बजाय सात साल का हो गया। सात साल बाद चुनाव होने जा रहे हैं, लेकिन वह भी वर्ष 2014 के समय के पुराने आरक्षण के आधार पर। ऐसे में कई ग्राम पंचायतों में आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों की ही दावेदारी कायम रहेगी और सामान्य या अनारक्षित वर्ग इस बार भी चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। बताया जाता है कि इस मुद्दे पर हाईकोर्ट में याचिका भी लगी है दरअसल, राज्य शासन ने गत वर्ष सभी पंचायतों का दोबारा परिसीमन किया था। इस कारण कई जिलों में ग्राम पंचायतों की संख्या बढ़ गई थी। पर अचानक सरकार ने वर्ष 2014 के पुराने परिसीमन के आधार पर ही पंचायत चुनाव कराने का फैसला कर लिया। इस कारण अब वर्ष 2014 में जितनी पंचायतें थी, उसी अनुसार चुनाव कराया जाएगा। पर इसमें आरक्षण भी उसी वर्ष का रखा गया है। जबकि नए परिसीमन के बाद नए सिरे से पदों का आरक्षण भी हो चुका था। इसे लेकर सामान्य और अनारक्षित वर्ग की ओर से दावेदारी करने वालों में चुनाव को लेकर रोष है। उनका कहना है कि ताजा आरक्षण को रद्द कर शासन ने पुराने आरक्षण को ही लागू रखकर हमारा हक मारा है।

### पत्नी की आत्महत्या से हुई मौत को सड़क दुर्घटना बताकर मुआवजा मांग, अदालत ने फटकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने यूपी के व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर नाखुशी जाहिर की, जिसमें व्यक्ति अपनी पत्नी की कथित आत्महत्या से हुई मौत को सड़क दुर्घटना बताकर 50 लाख रुपये का मुआवजा देने का अनुरोध किया है। राजीव यादव ने मुआवजे के तौर पर मोटी रकम मांगकर अदालत का रुख किया था।राजीव ने कहा था कि तेज गति से आ रहे ट्रक ने गौतम बुद्ध नगर में अक्टूबर 2018 को उसकी पत्नी पूजा यादव को टक्कर मार दी, जब वह मंदिर जा रही थी। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) की पीठासीन अधिकारी कामिनी ने उस राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि यादव ने अपनी पत्नी की आत्महत्या से हुई मौत को मोटर दुर्घटना बताकर मुआवजे का दावा कर उसके शव पर पैसा वसूलने की कोशिश की है। पीठासीन अधिकारी ने कहा कि पूजा ने अपनी मौत से पांच माह पहले राजीव से शादी की थी और वह अपने माता-पिता से उसके द्वारा प्रताड़ित करने के बारे में आए दिन शिकायत करती थी। उन्होंने कहा कि अपनी पत्नी की मौत के मामले में यादव की भूमिका की उत्तर प्रदेश की एक आपराधिक अदालत में जांच चल रही है और दहेज तथा आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में बचाव की कोशिश के तौर पर दिल्ली की अदालत में याचिका दायर की गई।

### 370 हटाने के बाद घाटी से कोई भी कश्मीरी पंडित या हिंदू विस्थापित नहीं हुआ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्यसभा में लिखित जवाब अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद, घाटी से कोई भी कश्मीरी पंडित या हिंदू विस्थापित नहीं हुआ है।दरअसल, कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कश्मीर मुद्दे पर यह सवाल किया था। दिग्विजय ने पूछा था कि आर्टिकल 370 हटाने के बाद कितने कश्मीरी हिन्दू और कश्मीरी पंडितों का पलायन हुआ।वहीं 370 हटाने के बाद कितने आतंकी ढेर किए गए,कितने नागरिक मारे गए और सैन्य और अर्धसैन्य बलों के कितने जवान शहीद हुए। इसके जवाब में लिखित तौर पर गृह मंत्रालय ने कहा कि आर्टिकल 370 हटाने के बाद से किसी कश्मीरी पंडित/हिन्दू का विस्थापन नहीं हुआ।हालांकि हाल में कुछ कश्मीरी पंडितों जिसमें अधिकतर, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं,वहां कश्मीर से जम्मू संभाग में आए हैं।यह सरकारी कर्मियों के परिजन हैं जो सर्दियों में अधिकारियों की मूवमेंट और शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टियों के चलते यहां (जम्मू संभाग) आए।

### ईडी के समक्ष पेश हुई अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडिस

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडिस धन शोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए बुधवार को एक बार फिर यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुई। ईडी ने जैकलिन से कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर और अन्य के खिलाफ जारी धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ की। एजेंसी पहले भी इस मामले के संबंध में दो बार जैकलीन से पूछताछ कर चुकी है। उन्हें और चंद्रशेखर को आमने-सामने बैठाकर भी पूछताछ की गई है। गौरतलब है कि चंद्रशेखर और अभिनेत्री पत्नी लीना मारिया पॉल के खिलाफ 200 करोड़ रुपए से अधिक के धन शोधन का मामला दर्ज है। आरोप पत्र में दावा किया गया था कि चंद्रशेखर ने जैकलीन को कई महंगे उपहार दिए थे।

## नहीं रहे देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

# CDS बिपिन रावत का निधन, हेलिकॉप्टर क्रैश में पत्नी मधुलिका समेत 13 लोगों की मौत

**चेन्नई/दिल्ली।** आखिरकार बुरी खबर आ ही गई है। जनरल बिपिन रावत नहीं रहे। वे देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, यानी सीडीएस थे। तमिलनाडु के कुन्नूर में बुधवार दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट पर उनका हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। उसमें जनरल रावत की पत्नी मधुलिका रावत समेत सेना के 14 लोग सवार थे। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक जनरल रावत की मौत की खबर की पुष्टि के बाद प्रधानमंत्री ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी, यानी सीडीएस की शाम 6.30 बजे बैठक बुलाई है। इसके बाद मौत की औपचारिक घोषणा की जा सकती है। इससे पहले हादसे के बाद सभी घायलों को गंभीर हालत में वेलिंगटन के मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया था। जहां से करीब साढ़े पांच घंटे तक खबर आती रही कि जनरल रावत और उनकी पत्नी समेत कई जवान बुरी तरह घायल हैं। लेकिन फिर बारी-बारी से मौत की खबर आने लगी।



### चश्मदीद बोले- आग का गोला बन गया था हेलिकॉप्टर

चश्मदीदों के मुताबिक हादसे से पहले बहुत तेज आवाज सुनाई दी। हेलिकॉप्टर पहले पेड़ों पर गिरा। इसके बाद उसमें आग लग गई, वो आग का गोला बन गया था। एक और चश्मदीद का कहना है कि उसने जलते हुए लोगों को हेलिकॉप्टर से बाहर गिरते हुए देखा। हादसा तब हुआ जब जनरल रावत कुन्नूर में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस सुलूर लौट रहे थे। हेलिपैड से 10 मिनट के दूरी पर घने जंगलों के बीच हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक हादसे की वजह खराब मौसम बताई जा रही है।

### हेलिकॉप्टर में कौन-कौन सवार था

हादसे का शिकार हुए एमआई-17 V5 हेलिकॉप्टर में जनरल रावत उनकी पत्नी के अलावा 12 लोग और थे। इनके अलावा ब्रिगेडियर एलएस लिद्दर, लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, नायक गुरसेवक सिंह, नायक जितेंद्र कुमार, लांस नायक विवेक कुमार, लांस नायक बी. साई तेजा और हवलदार सतपाल सवार थे।

### रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एचएस पनाग ने दोपहर 3 बजे ही दे दी श्रद्धांजलि

अभी जनरल बिपिन रावत के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन सेना के सूत्र और कुछ पूर्व अफसरों ने जनरल बिपिन रावत की मौत को लेकर ट्वीट किया है। रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एचएस पनाग ने जनरल बिपिन रावत को ट्वीट कर श्रद्धांजलि दी है।

### रावत का हेलिकॉप्टर पहले भी क्रैश हुआ था, बच गए थे

जनरल बिपिन रावत एक बार पहले भी हेलिकॉप्टर हादसे का शिकार हो चुके हैं। 3 फरवरी 2015 को उनका चीता हेलिकॉप्टर नगालैंड के दीमापुर में क्रैश हुआ था। तब बिपिन रावत लेफ्टिनेंट जनरल थे।

### घने जंगल और कम विजिबिलिटी हादसे की वजह

दिल्ली में उच्च पदस्थ सूत्रों ने भास्कर को बताया कि हादसे की वजह घने जंगल और कम विजिबिलिटी रहे। खराब मौसम के दौरान बादलों में विजिबिलिटी कम होने की वजह से हेलिकॉप्टर को कम ऊंचाई पर उड़ान भरनी पड़ी। लैंडिंग पॉइंट से दूरी कम होने की वजह से भी हेलिकॉप्टर काफी नीचे उड़ान भर रहा था। नीचे घने जंगल थे इसलिए क्रैश लैंडिंग भी फेल हो गई। इस हेलिकॉप्टर के पायलट ग्रुप कमांडर और सीओ रैंक के अधिकारी थे, ऐसे में मानवीय भूल की आशंका न के बराबर है।

## कमलनाथ ने प्रदेश सरकार पर बोला हमला, कोरोना की तैयारियों की जानकारी जनता को दे सरकार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने कोरोना की संभावित तीसरी लहर पर शिवराज सिंह चौहान सरकार की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नया



वैरिएंट दस्तक दे चुका है। ऐसे में सरकार को जनता को बताना चाहिए कि उसने क्या तैयारी की है। कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर कहा कि प्रदेश की शिवराज सरकार चुनावी एजेंडा के तहत नामकरण की राजनीति, इवेंट, मेगा शो, आयोजन, उत्सव, जश्न से यदि फ्री हो चुकी है तो जनता को बताए कि कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए उसने क्या तैयारियां और इंतजाम किए हैं? देश में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका लगातार व्यक्त की जा रही है। कोरोना संक्रमण के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं। नए वैरिएंट की दस्तक हो चुकी है। सरकार बताए कि प्रदेश में सरकार ने इलाज, बेड, अस्पताल, ऑक्सीजन, जीवनरक्षक दवाओं की क्या व्यवस्था की है? कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में बेड की कितनी उपलब्धता है? अभी तक कितने बेड बढ़ाए हैं? कितने वेंटिलेटर की व्यवस्था की है? कितने आईसीयू बेड बढ़ाए हैं? ऑक्सीजन की आपूर्ति की क्या व्यवस्था है? अभी वर्तमान में कितनी उपलब्धता है? भविष्य की आवश्यकता के अनुरूप क्या व्यवस्था की गई है?

## मप्र में शनिवार से बढेगा ठंड का असर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शनिवार से ठंड का असर बढने की पूरी संभावना है। देश के उत्तरी क्षेत्र के पहाड़ों में जमकर बर्फबारी होने से शीतलहर चलने की संभावना जताई जा रही है। इसकी शुरुवात दो दिन




बाद यानि की शनिवार से हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, दो दिन तक उत्तर भारत के पहाड़ों पर जबरदस्त बर्फबारी हुई है। इसके चलते पहाड़ों पर बर्फ की मोटी चादर सी बिछ गई है। उधर पश्चिमी विक्षोभ के भी उत्तर भारत से आगे बढ़ जाने के कारण हवाओं का रुख उत्तरी हो गया है। इसके चलते पहाड़ी क्षेत्रों से मैदानी इलाकों की तरफ चल रही सर्द हवाओं के कारण वातावरण में ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी तीन-चार दिन तक मौसम शुष्क बना रहने की संभावना है। इसकी वजह से दो दिन बाद मध्य प्रदेश के कुछ जिले शीतलहर की चपेट में भी आ सकते हैं। पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला के अनुसार बुधवार को एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में पहुंचेगा। हालांकि ट्रफ के रूप में आ रहे इस सिस्टम की तीव्रता काफी कम है।


## प्रियंका ने महिलाओं के लिए जारी किया घोषणा पत्र सरकारी नौकरियों में 40 प्रतिशत आरक्षण का वादा

**नई दिल्ली।** प्रियंका गांधी ने महिलाओं के लिए अलग से कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किया है। शक्ति विधान नाम से जारी इस घोषणा पत्र में सरकारी नौकरियों में 40 प्रतिशत आरक्षण के साथ-साथ महिलाओं के स्वाभिमान, स्वालम्बन, शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और सेहत के लिए कई महत्वपूर्ण ऐलान किए गए हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि घोषणापत्र में ये घोषणा की है कि नए सरकारी पदों में आरक्षण प्रावधानों के अनुसार 40त्न महिलाओं की नियुक्ति होगी। उन्होंने कहा कि राजनीति में हम 40 प्रतिशत हिस्सेदारी से शुरू कर रहे हैं, हम चाहते हैं कि ये एक दिन 50 प्रतिशत बने। कामकाजी महिलाओं के लिए 25 शहरों में सुरक्षित और नवीनतम सुविधाओं वाले छात्रावास बनाए जाएंगे, मनरेगा में



महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि वर्तमान समय में सिर्फ 9.4 प्रतिशत महिलाएं कामकाजी हैं। महिलाओं को 40 प्रतिशत आरक्षण का मतलब यह है कि कांग्रेस यदि 20 लाख रोजगार देगी तो आठ लाख रोजगार महिलाओं के लिए होंगे। इसके अलावा अपने संस्थानों में 50 प्रतिशत पदों पर महिलाओं को अवसर देने वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठानों-संस्थानों को करों में छूट दी जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय 10 हजार रुपए प्रतिमाह किया जाएगा। राशन की 50 प्रतिशत दुकानों का प्रबंधन और संचालन महिलाओं को दिया जाएगा। शिक्षा में लड़कियों को आगे ले जाने के लिए बारहवीं की छात्राओं को स्मार्ट फोन दिए जाएंगे।



## न्यूज़ ट्रैक....

### युवराज और धोनी एक साथ नजर आये

**रांची** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और ऑलराउंडर युवराज सिंह एक बार पफिर एकसाथ नजर आये हैं। धोनी और युवराज की तस्वीरों के साथ ही एक वीडियो भी वायरल हुआ है। इसमें धोनी और युवराज एक सोफे पर बैठकर आपस में बातचीत कर रहे हैं। यह वायरल तस्वीर मुंबई के एक स्टूडियो की है। यहां दोनों सितारे विज्ञापन की शूटिंग के लिए पहुंचे थे। इसकी एक तस्वीर युवराज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की है। इसमें दोनों खिलाड़ी काफी खुश दिखाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि धोनी और युवराज की जोड़ी ने टीम को कई बार जीत दिलाई है। धोनी की कप्तानी में ही भारत ने पहला टी20 विश्व कप (2007) और एकदिवसीय विश्व (2011) जीता था। तब युवराज ने टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ 14 गेंदों में 58 रन बनाये थे। इसके बाद सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ युवराज ने 30 गेंदों में 70 रन बनाये थे। वहीं एकदिवसीय विश्व कप 2011 में युवी को अपने शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला था। युवराज ने धोनी की कप्तानी में 104 एकदिवसीय मैच खेले और 3077 रन बनाए। इसमें उन्होंने 88.21 की स्ट्राइक रेट से छह शतक और 21 अर्धशतक लगाये हैं।

### मॉडलिंग में उतरी सारा तेंदुलकर

**मुम्बई** । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर अब मॉडलिंग की दुनिया में उतर रही है। सारा ने अपने करार का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। सारा शुरुआत से ही अपने फैशन सेंस को लेकर छायी रही हैं। वह आमतौर पर अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करती रही हैं। सारा ने हाल ही में कपड़ों के एक लोकप्रिय ब्रांड के साथ करार किया है। इस ब्रांड के प्रमोशन के लिए उन्होंने अभिनेत्री बनिता संधू और तानिया श्रॉफ के साथ मॉडलिंग शुरु की थी। प्रमोशनल वीडियो में ये तीनों ही एक साथ पोज देती हुई नजर आयी हैं। सारा ने पिछले दिनों अपने जिम वीडियो भी पोस्ट किये थे। तभी उनके मॉडलिंग में उतरने की अटकलें लगने लगीं थीं। सारा इंस्टाग्राम पर भी काफी सक्रिय हैं और उनके 1.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं। सारा इंस्टाग्राम पर कभी परंपरागत तो कभी आधुनिक कपड़ों में अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं और प्रशंसक भी इन्हें खूब पसंद करते हैं। सारा ने अपनी स्कूली शिक्षा मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से की और यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से स्नातक हैं।

### श्रीलंका में पाक खिलाड़ियों की सुरक्षा बढ़ाई

**कोलंबो** । श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) में भाग लेने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ियों की सुरक्षा बढ़ा दी है। एलपीएल में पाक के शोएब मलिक, मोहम्मद आमिर, वहाब रियाज और मोहम्मद हफीज सहित कई खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। बोर्ड के अनुसार यह सुरक्षा हाल में पाकिस्तान में एक श्रीलंकाई नागरिक की हत्या के बाद एहतियात के तौर पर बढ़ायी गयी है। पाक के सियालकोट में भीड़ द्वारा श्रीलंका के एक नागरिक को पीट-पीट कर मार दिए जाने की घटना के बाद से ही देश में आक्रोश का माहौल है। इसी को देखते हुए सभी क्रिकेटरों की व्यक्तिगत सुरक्षा कड़ी कर दी है। एसएलसी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि केवल पाकिस्तान के खिलाड़ियों के लिए नहीं बल्कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाली पांच टीमों के सभी क्रिकेटरों की सुरक्षा कड़ी की गई है। रविवार को शुरू हुआ यह टी20 लीग 23 दिसंबर तक चलेगा। इस प्रतियोगिता में नामीबिया और यूएई के साथ कई क्रिकेट खेलने वाले देशों के खिलाड़ी शामिल हैं।

### पत्तों की तरह बिखरा इंग्लैंड का बैटिंग ऑर्डर

# 147 पर सिमटी पहली पारी, 3 खिलाड़ी शून्य पर पवेलियन लौटे



**ब्रिशबेन।** एशेज सीरीज में इंग्लैंड की पूरी टीम पहली पारी में 147 रन पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने 5 विकेट लेकर इंग्लैंड की कमर तो? दी। कमिंस पहली बार ऑस्ट्रेलिया टीम की कप्तानी कर रहे हैं। वे 64 साल बाद कप्तानी संभालने वाले गेंदबाज हैं। कमिंस ने 13.3 ओवर में 38 रन दिए। कमिंस के अलावा मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने 2-2 विकेट झटके। जबकि कैमरून ग्रीन ने 1 विकेट लिया। हालांकि, नाथन लियोन विकेट लेने में सफल नहीं हो पाए और वह 400 विकेट लेने से चूक गए। उन्हें 400 विकेट लेने के लिए अगली पारी का इंतजार करना पड़ेगा।

ग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा रन विकेटकीपर बल्लेबाज जॉस बटलर ने बनाए। उन्होंने 58 गेंदों का सामना कर 39 रन स्कोर किए। उनके अलावा ओली पोप ने 35 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के तीन खिला?ी जीरो पर आउट हुए। कप्तान जो रूट के अलावा रॉरी बर्न्स और ओली रॉबिंसन बिना कोई रन बनाए पवेलियन लौट गए।

#### इस तरह गिरे 10 विकेट

**पहला विकेट** -पहली ही गेंद पर मिचेल स्टार्क ने रॉरी बर्न्स के स्टंप बिखेर दिए। बर्न्स इस सीजन में छठी बार बिना रन बनाए आउट हुए।

**दूसरा विकेट**- जोश हेजलवुड ने इंग्लैंड को दूसरा झटका डेविड मलान का विकेट लेकर दिया। मलान का कैच एलेक्स कैरी ने पकड़ा। मलान 9 गेंदों का सामना कर 6 रन ही बना पाए। उस समय इंग्लैंड स्कोर 11 रन था।

**तीसरा विकेट**- इंग्लैंड को तीसरा झटका कप्तान जो रूट के रूप में लगा। हेजलवुड ने डेविड वार्नर के हाथों कैच कराकर उन्हें शून्य पर पवेलियन की राह दिखाई। रूट ने 9 गेंदों का सामना किया।

**चौथा विकेट**- टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों के पवेलियन लौट जाने के बाद बेन स्टोक्स के कंधों पर इंग्लैंड की पारी संभालने की जिम्मेदारी आ प?ी। पर उन्हें जल्द ही पैट कमिंस ने पवेलियन की राह दिखा दी। मार्नस लाबुशेन ने उनका कैच पक?ा। स्टोक्स 21 गेंदों का सामना कर 5 रन ही बना सके। उस समय इंग्लैंड का स्कोर 29 रन ही था।

**पांचवां विकेट**- ऑस्ट्रेलिया को पांचवां विकेट हसीब हमीद के रूप में मिला। 60 के स्कोर पर हमीद का विकेट पैट कमिंस ने स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराकर लिया। हमीद ने 75 गेंदों का सामना कर 25 रन बनाए।

**छठा विकेट**- ऑस्ट्रेलिया को छठी सफलता मिचेल स्टार्क ने विकेटकीपर जोस बटलर के रूप में दिलाई। उन्होंने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच करार पवेलियन भेजा। बटलर 39 रन बनाकर इंग्लैंड की पारी को 112 तक लेकर गए।

**सातवां विकेट**- इंग्लैंड को सातवां झटका ओली पोप के रूप में लगा। पोप 35 रन बनाकर कैमरन ग्रीन की गेंद पर जोश हेजलवुड को कैच दे बैठे।

**आठवां विकेट**- इंग्लैंड को 8वां झटका पैट कमिंस ने दिया। उनकी गेंद पर ओली रॉबिंसन विकेट के पीछे एलेक्स कैरी को कैच दे बैठे। रॉबिनसन शून्य पर आउट होने वाले तीसरे खिलाड़ी बने।

**नौवां विकेट**- इंग्लैंड को 9वां झटका पैट कमिंस ने दिया।उनकी शार्ट पिच गेंद पर मार्क वुड शार्ट लेग पर मार्कस हैरी को कैच दे बैठे। वुड ने 15 गेंदों का सामना कर 8 रन बनाया।

**दसवां विकेट**- इंग्लैंड का आखिरी विकेट 147 के स्कोर पर गिरा। क्रिस वोक्स ने 24 गेंदों का सामना कर 21 रन बनाए। उनका विकेट भी कमिंस ने हेजलवुड के हाथों कैच कराकर लिया।

## दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ सीरीज के लिए रबाडा और नोर्किया को शामिल किया

**जोहानिसबर्ग** । दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड (सीएसए) ने टीम इंडिया के खिलाफ इसी माह 26 दिसंबर से होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। दक्षिण अफ्रीका की 21 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज सिसांडा मगाला और विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकेलटन को भी शामिल किया गया है। कपतान डीन एल्गर की इस टीम में तेज गेंदबाज डुआने ओलिवर की भी वापसी हुई है। ओलिवर ने अपना आखिरी टेस्ट मैच साल 2019 में खेला था। इसके अलावा अनुभवी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और एनरिक नोर्किया को भी टीम में जगद दी गयी है। ग्लेनटन स्टुरमैन और प्रेनलान सुब्रायेन की भी टीम में शामिल किया गया है। पहला टेस्ट मैच 26 दिसंबर से शुरू होगा। सीरीज में देरी कोविड-19 के नये वैरिएंट ओमीक्रोम के कारण हुई है।

सीएसए की चयनसमिति के समन्वयक विक्टर एमपिटसैंग ने कहा, ' हम डीन एल्गर और उनके साथियों की मैदान पर वापसी का वास्तव में बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमने पिछली बार उन्हें वेस्टइंडीज पर दबदबा बनाते हुए देखा था और तब से काफी समय बीत गया है। एमपिटसैंग ने कहा, 'हमें उस टीम पर भरोसा है जिसे हमने चुना है और हमने पिछले दो सत्रों में जिस प्रतिभा को तराशा है उसका पूरा समर्थन करते हैं। तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का भी हिस्सा होगी। भारत इस दौरे में जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका में अपनी पहली सीरीज जीतने का प्रयास करेगा। पहला टेस्ट मैच सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) से खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट तीन जनवरी से जोहानिसबर्ग और तीसरा मैच 11 जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा। इसके बाद तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला होगी तथा मूल कार्यक्रम का हिस्सा रहे चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन बाद में किया जाएगा। सीएसए ने सोमवार को संशोधित कार्यक्रम जारी किया था।

दक्षिण अफ्रीकी टीम इस प्रकार है - डीन एल्गर (कप्तान), तेम्बा बावुमा (उप-कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), कैगिसो रबाडा, सारेल इरवी, बेउरन हेंड्रिक्स, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, एनरिक नोर्किया, कीगन पीटरसन, रासी वान डर डुसेन, काइल वेरेन, मार्को जेन्सन, ग्लेनटन स्टुरमैन, प्रेनेलान सुब्रायन, सिसांडा मगाला, रेयान रिकेलटन, डुआने ओलिवर।

## विराट के समर्थन में उतरा पूर्व पाक कप्तान

**लाहौर** । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ,सलमान बट ने टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली का बचाव किया है। विराट खराब फार्म में चल रहे बल्लेबाज आजिंक्य रहाणे का बचाव करने के कारण आजकल लोगों के निशाने पर हैं। बट ने अपने यू-ट्यूब चैनल पर कहा है कि विराट की कप्तानी में टीम इंडिया की सफलता का यही राज है कि वह खराब समय में खिलाड़ियों के साथ खड़ा रहता है। बट ने कहा कि अच्छी फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों के साथ तो हर कोई रहता है पर जिनका समय खराब होता है उसके साथ जो खड़ा रहे, वही अच्छा कप्तान है। इस पूर्व पाक क्रिकेटर ने कहा कि जब आप ऐसे समय में किसी खिलाड़ी का साथ देते हैं, तो वह समय आने पर बेहतरीन प्रदर्शन करता है। बट ने ये सब बाते बल्लेबाज रहाणे के लिए कहीं जो इस समय खराब लय में हैं और लंबे समय से रनों के लिए तरस रहे हैं। बट ने कहा कि रहाणे ने विदेशों में स्कोर किया है, मैच भी जीते हैं और ऐसे में आप उन्हें अचानक ही बाहर नहीं कर सकते हैं। रहाणे की फॉर्म ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से ही खराब चल रही है, उस सीरीज में रहाणे ने एक शतक मारा था जिसके बाद उनका बल्ला ही नहीं चला है। ऐसे में लगातार उनपर निशाना साधा जा रहा है। इस सबके बीच कप्तान विराट ने कहा है कि रहाणे की फॉर्म के साथ क्या हो रहा है, ये सिर्फ वही कह सकते हैं. क्योंकि कोई भी ऐसे किसी खिलाड़ी को जज नहीं कर सकता है।

# रहाणे को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए जगह मिलन तय



**मुम्बई** । खराब फार्म में चल रहे अनुभवी बल्लेबाज आजिंक्य रहाणे को इसी माह होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह मिलना तय माना जा रहा है। कप्तान विराट कोहली ने भी कहा है कि रहाणे ने अतीत में शानदार प्रदर्शन किया है इसलिए उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती है। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी इससे सहमत हैं। ऐसे में चयन समिति रहाणे को एक बार फिर अवसर दे सकती है पर उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह मिलती है या नहीं यह देखना होगा। इसके अलावा उनकी उपकप्तानी भी खतरे में नजर आ रही है। एनसीए प्रमुख बनने जा रहे पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण और पूर्व कोच लालचंद राजपूत का मानना है कि रहाणे का जिस प्रकार का प्रदर्शन रहा है उसके आधार पर वह अंतिम ग्यारह में शायद ही जगह बना पायें। इसके अलावा उनकी उपकप्तानी भी शायद ही बरकरार रहे। जिस प्रकार के हालात हैं उसमें रोहित शर्मा का उपकप्तानी दी जा सकती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई टेस्ट में फिटनेस के आधार पर उन्हें बाहर कर दिय गया था। वैसा ही कुछ इस बार भी देखने में आ सकता है। भारतीय क्रिकेट टीम 26 दिसंबर (बॉक्सिंग डे) से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरुआत करेगी।

लक्ष्मण का भी मानना है कि रहाणे को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट में मौका नहीं मिल पाएगा। लक्ष्मण ने कहा, 'पहले टेस्ट में रहाणे नहीं खेल पाएंगे। प्रदर्शन में निरंतरता जरूरी है और ऐसे में युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का खेलना तय नजर आ रहा है। साथ ही कहा कि अगर आप किसी को 2 टेस्ट मैचों में मौका देते हो और दबाव भरी परिस्थितियों व डेब्यू करने के बावजूद अगर कोई अच्छा प्रदर्शन करता है तो उसे बाहर रखना संभव नहीं होता। इसी प्रकार के विचार पूर्व कोच लालचंद राजपूत के भी हैं। उनका भी मानना है कि रहाणे की जगह पक्की नहीं लग रही है। उन्हें दक्षिण अफ्रीका तो ले जाया जाएगा पर अंतिम ग्यारह में नहीं रखा जाएगा। इस दौरे में युवा बल्लेबाज हनुमा को भी अवसर मिल सकता है। वैसे भी वह अभी भारत ए के साथ दक्षिण अफ्रीका दौरे पर हैं।

## व्यापारन्यूज

### रुपया डॉलर के मुकाबले पांच पैसे टूटा



**मुंबई** । विदेशी कोष की निरंतर निकासी के बीच बुधवार को रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे टूटकर 75.49 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी से रुपए में और गिरावट पर रोक लगी। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मजबूती के साथ 75.38 पर खुला लेकिन इस मजबूती को बरकरार नहीं रख पाया और शुरुआती सौदों में पांच पैसे टूटकर 75.49 पर पहुंच गया। मंगलवार को पिछले सत्र में रुपया 75.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### सोने में तेजी, चांदी की कीमत घटी



**नई दिल्ली** । एमसीएक्स पर बुधवार को 24 कैरेट सोना महंगा हो गया। बुधवार को सोने की कीमत में 0.14 फीसदी का इजाफा हुआ। इस ब?त के साथ दस ग्राम सोने का दाम 48,125 रुपए हो गया। वहीं चादी की चमक आज फीकी हो गई। इसका दाम मामूली 0.05 फीसदी गिरावट के साथ 61,796 रुपए रह गया। उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण पूरे देश में सोने की कीमत अलग-अलग होती है। आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

### महाराष्ट्र सरकार ने 12 कंपनियों के एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**मुंबई** । महाराष्ट्र सरकार ने 12 कंपनियों के साथ 5,051 करोड़ रुपए के सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। राज्य के उद्योग मंत्री सुभाष देसाई ने कहा कि इन एमओयू से 9,000 से अधिक रोजगार उपलब्ध होंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार देसाई ने कहा कि महाराष्ट्र ने मैग्नेटिक महाराष्ट्र 2.0 पहल के तहत कुल 1.88 लाख करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया है। इससे 3.34 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ है। बयान में कहा गया है कि इन एमओयू से सूचना प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष शोध, जैव ईंधन, इलेक्ट्रिक वाहन, एथनॉल उत्पादन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों को प्रोत्साहन मिलेगा।

### पेट्रोल पंपों पर होगी कार-स्कूटर की चार्जिंग सुविधा

**नई दिल्ली** । केंद्र व राज्य सरकारें ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल के विस्तार को बढ़ाने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है। सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए इनकी कीमतों पर डिस्काउंट जैसी योजना चल रही है और ई-व्हीकल के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है।लेकिन इसके बाद भी लोग इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की चार्जिंग सुविधा को लेकर इन्हें खरीदने से हिचक रहे हैं।लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जल्द ही देशभर के पेट्रोल पंपों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज करने की सुविधा शुरू की जाएगी।आने वाले कुछ समय में आप अपनी इलेक्ट्रिक कार पेट्रोल पंप पर ही चार्ज करवा सकेंगे और उतने ही समय में जितना समय उसमें पेट्रोल या डीजल भरवाने में लगता है।भारी उद्योग मंत्री महेन्द्र नाथ पांडे ने बताया कि ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया ई-व्हीकल के लिए फास्ट चार्जर डेपलप कर रही है।

### मजबूती के साथ खुले बाजार

# सेंसेक्स 58000 और निफ्टी 17,000 के ऊपर



**मुंबई** । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति के नतीजे से पहले सेंसक्स इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में तेजी के साथ बुधवार को शुरुआती कारोबार में 700 अंक से अधिक चढ़ा। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका के शीर्ष सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ एंटनी फौसी की कोरोना वायरस के नये स्वरूप ओमीक्रोन के डेल्टा स्वरूप की तुलना में अधिक गंभीर होने की संभावना ना होने संबंधी टिप्पणी के बाद नये स्वरूप के आर्थिक असर को लेकर बाजार की चिंता दूर हुई है। बुधवार को शुरुआती सौदों में 30 शेयरों वाला सूचकांक 729.05 अंक बढ़कर 58,362.70 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 202.15 अंक की तेजी के साथ 17,378.85 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में एचसीएल टेक दो प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ शीर्ष पर था, वहीं इन्फोसिस, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी तेजी देखी गई। दूसरी ओर प्रमुख कंपनियों में केवल एनटीपीसी के शेयर घाटे में चल रहे थे। पिछले सत्र में 30 शेयरों वाला सूचकांक 886.51 अंक बढ़कर 57,633.65 पर और निफ्टी 264.45 अंक बढ़कर 17,176.70 पर बंद हुआ था। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध विक्रेता बने रहे और उन्होंने मंगलवार को 2,584.97 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। एशिया के दूसरे प्रमुख शेयर बाजारों में शंघाई, सियोल और टोक्यो मध्य सत्र सौदों में काफी लाभ के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि हांगकांग घाटे में चल रहा था।

### आईपीओ से पहले श्रीराम प्रॉपर्टीज ने एंकर निवेशकों से जुटाए 268 करोड़

**नई दिल्ली** । श्रीराम प्रॉपर्टीज ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले एंकर निवेशकों से 268 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कंपनी का आईपीओ बुधवार को खुल रहा है। बीएसई के परिपत्र के अनुसार कंपनी ने एंकर निवेशकों को 118 रुपए प्रति शेयर के भाव पर 2,27,66,949 इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया है। यह राशि 268.64 करोड़ रुपए बैठती है। बीएनपी परिबा आर्बिट्रेज, सोसायटी जनरल, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, सुंदरम म्यूचुअल फंड, आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ तथा एचडीएफसी एमएफ ने एंकर निवेशक के रूप में कंपनी के शेयर हासिल किए। कंपनी ने अपनी बिक्री पेशकश को 550 करोड़ रुपए से घटाकर 350 करोड़ रुपए कर दिया है। इस तरह आईपीओ का आकार अब 800 करोड़ रुपए से घटकर 600 करोड़ रुपए रह गया है। आईपीओ के तहत 250 करोड़ रुपए नए शेयर जारी किए जाएंगे और 350 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

### एशियाई बाजारों में मजबूत कारोबार

**मुंबई** । एशियाई बाजारों में बढ़त के साथ कारोबार देखने को मिल रहा है। एसजीएक्स निफ्टी 123.00 अंक की बढ़त दिखा रहा है। वहीं निक्केई करीब 1.12 फीसदी की बढ़त के साथ 28,774.05 के आसपास दिख रहा है। स्ट्रेट टाइम्स में 0.27 फीसदी की कमजोरी दिखा रहा है। ताइवान का बाजार 0.69 फीसदी बढ़त के साथ 17,916.99 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि हैंगसेंग 0.10 फीसदी की बढ़त के साथ 24,008.05 के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं कोस्पी में 0.90 फीसदी की हल्की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। वहीं शंघाई कम्पोजिट 0.31 फीसदी की बढ़त के साथ 3,606.41 के स्तर पर दिख रहा है।

# कच्चे तेल में फिर तेजी, पेट्रोल, डीजल के दाम स्थिर



**नई दिल्ली** । कच्चा तेल इस सप्ताह दो दिन में ही यह 75 डॉलर के पार चला गया। दरअसल, अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीटयूट ने इस सप्ताह क्रूड ऑयल ड्रॉ का जो आंकड़ा जारी किया है, उसी से बाजार में तेजी दर्ज की गई। वहां बीते सप्ताह 3.089 मिलियन बैरल कच्चे तेल का ड्रॉ हुआ। इससे दो दिन में ही ब्रेंट क्रूड 7 फीसदी से भी ज्यादा महंगा हो गया। हालांकि, घरेलू बाजार में देखें तो यहां पेट्रोल-डीजल की कीमत में बुधवार को लगातार 34वें दिन भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपए और डीजल की कीमत 86.67 रुपए पर स्थिर रही। बीते सितंबर महीने की 28 तारीख को पेट्रोल जहां 20 पैसे महंगा हुआ था वहीं डीजल भी 25 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था। सितंबर के अंतिम दिनों से जो पेट्रोल की कीमतें बढ़नी शुरू हुईं, वह पिछले कुछ दिनों से थमी हुई हैं। पिछले महीने पेट्रोल के मुकाबले डीजल का बाजार ज्यादा तेज हुआ था। कारोबारी लिहाज से देखें तो पेट्रोल के मुकाबले डीजल बनाना (महंगा पड़ता है, लेकिन भारत के खुले बाजार में पेट्रोल महंगा बिकता है और डीजल सस्ता बिकता है। कुछ प्रमुख शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार है- दिल्ली पेट्रोल 95.41 रुपए प्रति लीटर, डीजल 86.67 रुपए प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 109.98 रुपए प्रति लीटर डीजल 94.14 रुपए प्रति लीटर चेन्नै पेट्रोल 101.40 रुपए प्रति लीटर, डीजल 91.43 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.67 रुपए प्रति लीटर, डीजल 89.79 रुपए प्रति लीटरऔर भोपाल में पेट्रोल 107.56 रुपए प्रति लीटर, डीजल 90.87 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है।

# आरबीआई ने ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव

## जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 9.5 फीसद पर बरकरार

**नई दिल्ली** । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को मौद्रिक नीति की द्विमासिक समीक्षा पेश की। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने प्रमुख ब्याज दरों में 9वीं बार कोई बदलाव नहीं किया है। अक्टूबर में भी सेंट्रल बैंक ने प्रमुख ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया था। आरबीआई ने रेपो रेट को 4 फीसदी पर, जबकि रिवर्स रेपो रेट को 3.35 फीसदी पर बरकरार रखा। एसपीसी की बैठक 6 दिसंबर को शुरू हुई थी जो इस वित्तीय वर्ष में समिति की आखिरी बैठक थी। माना जा रहा था कि कोरोना को ओमीक्रोन वैरिएंट की आशंका के बीच केंद्रीय बैंक नीतिगत ब्याज दरों को यथावत रख सकता है। बैठक से पहले एसबीआई रिसर्च सहित कई अर्थशास्त्रियों ने नीतिगत दरों पर अभी यथास्थिति बनाए रखने का सुझाव दिया था। आरबीआई ने आखिरी बार ब्याज दरों में 22 मई 2020 को बदलाव किया था। अभी रेपो रेट 4 फीसदी और रिवर्स रेपो रेट 3.35 फीसदी पर है। नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं होने से आपकी जेब पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अगर रिजर्व बैंक ब्याज दर बढ़ाता तो लोन महंगे हो जाते। इसके विपरीत अगर रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में कटौती की होती तो इससे लोन सस्ता हो जाता और ईएमआई में गिरावट देखने को मिलती।

दास ने कहा कि रिजर्व बैंक ने रियल जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 9.5 फीसदी बनाए रखा है, लेकिन वित्त वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही के लिए इसे घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया गया है। पहले यह 6.8 फीसदी थी। साथ ही चौथी तिमाही के लिए इसे 6.1 फीसदी से घटाकर 6 फीसदी कर दिया गया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मुख्य महंगाई अब भी चिंताजनक बनी हुई है। सीपीआई महंगाई पूर्वानुमानों के मुताबिक है। महंगाई वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में पीक पर पहुंचेगी और उसके बाद इसमें गिरावट आएगी।

### फिच ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान घटाकर 8.4 प्रतिशत किया

**नई दिल्ली** । रेटिंग एजेंसी फिच ने बुधवार को 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 8.4 प्रतिशत कर दिया। हालांकि अगले वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 10.3 प्रतिशत कर दिया है। फिच ने इससे पहले अक्टूबर में वित्त वर्ष 2021-22 (अप्रैल 2021 से मार्च 2022) में जीडीपी वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2022-23 में 10 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। फिच ने अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि हमने अपने वित्त वर्ष 2021-22 (मार्च 2022 में समाप्त होने वाले वित्त वर्ष) के जीडीपी वृद्धि के पूर्वानुमान को घटाकर 8.4 प्रतिशत (-0.3 प्रतिशत अंक) कर दिया है। उपभोक्ताओं की अगुवाई में पुनरुद्धार और आपूर्ति व्यावधानों के नरम पड़ने के साथ जीडीपी वृद्धि की गति वित्त वर्ष 2022-23 में 10.3 प्रतिशत (+0.2 प्रतिशत अंक) पर पहुंच जानी चाहिए।

# महिला ने 10 माह पहले थाने में दर्ज करायी गुमशुदगी दर्ज फिर भी नहीं चला पता, एसपी से लगायी मदद के लिए लगाई गुहार

**जामना रोड पर बन रहा था मकान, इसी दौरान दोपहर के वक्त हो गया अचानक गुम तब से अब तक नहीं चला पता**

**गरीब महिला छोटे-छोटे छः बच्चों के साथ रो-रोकर परेशान, अब घर परिवार वाले भी नहीं दे रहे साथ, शासन-प्रशासन से मदद की लगाई गुहार**





भिण्ड। एक गरीब महिला जिसका पति 10 माह पूर्व अचानक जामना रोड से गुम हो गया, जिसके बाद वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी पत्नी ने रिश्ते-नातेदारों सहित हर जगह उसकी खोजबीन अपने स्तर से की जब वह थक-हार गई तो उसने पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्रसिंह चौहान का दरबाजा खटखटाया, महिला ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि साहब मेरे छोटे-छोटे छः बच्चे हैं जिनमें चार बच्चियां व दो बेटे हैं मैं हवलदारसिंह पुरा की रहने वाली हूं और मेरा जामना रोड पर विगत लॉकडाउन के समय मार्च के माह में मकान बन रहा था, इसी दौरान मेरे पति गोटेराम बघेल अचानक गायब हो गये। जिसकी रिपोर्ट देहात थाने में 3 मार्च दोपहर 2.30 बजे दर्ज करायी थी, तब से लेकर आज दिनांक तक पुलिस ने मेरी मदद नहीं की, कि मेरे पति इस दुनिया में जिंदा या मुर्दा किसी तरह की जानकारी नहीं लग रही है आप मेरे पति को खोजने में मदद करे तो पुलिस अधीक्षक ने उसे आश्वासन दिया है कि आपके पति को हम शीघ्र ही खोज निकलने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही कलेक्टर सतीश कुमार एस से भी बच्चों की पढ़ाई-लिखाई व भरण-पोषण के लिए भी गुहार लगाई तो उन्होंने भी उसे आश्वासन दिया है। पीड़िता ने अब बीति मीडिया को बताते हुए आवेदन दिया है जिसमें कहा साहब आप भी हमारी पति को खोजने में मदद करे, जिसके बाद मामले को संज्ञान में लेकर खबर प्रकाशित की जा रही है। पीड़िता ने बताया उसके छोटे-छोटे बच्चे हैं इन्हें लेकर कहां जाऊ, इस मंहगाई के दौर में इनका पेट पालना मुश्किल हो रहा है पुलिस उनके पति को खोजने में मदद कर ताकि उनके बच्चों के सर से पिता का साया बना रहे।

**पिता की आस में बैठे बच्चों**

पीड़िता सुना देवी पत्नी गोटेराम उम्र 40 वर्ष निवासी हवलदारसिंह का पुरा ने बताया लॉकडाउन के समय उसका घर देहात थाने के जामना रोड भिण्ड में निर्माण चल रहा था, इसी दौरान उसका पति गोटेराम 3 मार्च 2021 दोपहर 2-30 बजे बिना बताये कही चले गये, जिसके बाद से वह घर वापस नहीं आये और जिनकी आस में चार बेटियां है रोशनी उम्र 14 वर्ष, चांदनी 12 वर्ष, जानवो 10 वर्ष, काजल 08 वर्ष, दो बेटे बेटू उम्र 5 वर्ष दिवांश उम्र 3 वर्ष जो आस लगाए बैठे है कि उनके पापा कब घर लौटकर आयेगे।

**भरण पोषण के लिए परेशान हो रहा परिवार**

पीड़िता ने बताया वह बहुत ही गरीब परिवार से है पति के जाने के बाद छः बच्चे व स्वयं का भरण पोषण करने में बहुत परेशानी हो रही है इस महंगाई के दौर में इनको लेकर कहां जाऊ, इसलिए शासन-प्रशासन से मदद के लिए गुहार लगाई है उसने बताया कि मैं पति को खोजने के लिए अपने जेबर गिरवी रखकर अपने पति को खोजने के लिए ईनाम घोषित करती हूं, जो भी उसके पति को खोजने में मदद करेगा उसको उचित ईनाम दिया जायेगा। जिस किसी व्यक्ति को गोटेराम के बारे में जानकारी लगती है तो पीड़िता के 6264135815, 7505320910 नम्बर पर संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं।

# सुरपुरा में हुई 12 लाख 78 हजार की लूट की घटना का 03 घंटे में पर्दाफाश



**लूट का मसरूका 9 लाख 75 हजार रूपये व हथियार के साथ फरारी इनामी गिरफ्तार**

भिण्ड। सुरपुरा थाने में बीते दिन हुई लूट का सुरपुरा पुलिस ने 3 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने लूट में इस्तेमाल किया गया मशरूका एवं हथियार सहित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 07 दिसम्बर 21 फरियादी मोहम्मद मुनाजीर पुत्र मोहम्मद मुलुकुद्धीन उम्र 40 वर्ष निवासी मोहल्ला किला अफजलगण तहसील धामपुर जिला विजनौर ने थाना रिपोर्ट की थी कि ग्राम चिलोगा में एक व्यक्ति के मोबाईल में फोन आया जिसने मुझे अपना नाम सुरेश बताया कहा कि मुझे सरसो बेचनी है। उससे मेरी दो-तीन दिन से बात हो रही थी फिर बीते मंगलवार को उससे फोन करके बोला में चिलोंगा सरसो खरीदने आ रहा हूँ। फरियादी अपने वाहनों के साथ सरसों की खरीदी हेतु ग्राम चिलोंगा पहुंचा तो कहा पर 4 लोग मिले और फरियादी मोहम्मद मुनाजीर तथा अपने साथी जीरा की के साथ सती माता मंदिर ग्राम चिलोगा पहुंचे थे तभी बड़ा खडे तीन लोग मिले और सरसो में बात की वैसे ही उन लोगों ने हमारे कट्टा अड़ा दिये और एक व्यक्ति पीछे से आया जिसमे दुनाली बंदूक अडा दी और चारो लोग जंगल ले गये और कहा कि यहां में चले जाओ और कहा कि तुमने किसी को बताया तो जान से खत्म कर देंगे। फरियादी की रिपोर्ट पर से अप.क्र. 7121 धारा 394, 197, 294, 506 भादवि ।।.13 एमपीडीपीके एक्ट का काम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एसडीओपी अटेर के द्वारा थाना प्रभारी सुरपुर एवं थाना प्रभारी नेतृत्व में पार्टियां बनाकर घटनास्थल चिलोंगा बीहड़ मे सपिंग कराई गई सचिंग के दौरान थाना प्रभारी सुरपुरा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि आरोपीगण ग्राम चिल्लोगा के सती माता मंदिर के पीछे बीहड़ में हुपे हुये हैं। मय फोर्स के आरोपोगणी की मे घेरावी की दबिश दी गई जिसमें एक आरोपी मौके पर मिला व अन्य आरोपी रात्रि का फायदा उठाकर जंगल से भाग गये। पकड़े गये आरोपी का नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम रोहित पुत्र नरेन्द्र सिंह तोमर नि0 चिलोंगा का होना बताया। आरोपी के कब्जे से एक काला बैग जिसमें 9 लाख 75 हजार रूपये व एक 12 बोर की दोनाली बंदूक थी 05 बारह बोर फेजिया राउड और पास एक कहा 315 बोर का व एक पड़ा जिसमे जिन्दा 20 राउंड जो 315 बोर के थे जम किये गये गिरफ्तार आरोपी रोहित के अपराधिक रिकार्ड के बारे में जानकारी प्राप्त की गई जो धान बनी जिला मुरैना के अप) का 178/21 धारा 394,365 भादवि ।।.13 एमके एक्ट में 7 माह से फरार होना और जिला मुरैना से 5000 हजार रूपये का इनाम घोषित होना साथ ही (थाना कोतवाली के अप क्र0 142/21 धारा 307.294 भादवि में करीब 6 माह से फरार होना पाया गया।

## कलेक्टर ने किया एमजेएस महाविद्यालय का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाऐं देख जाहिर की नाराजगी



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने शा.एम.जे.एस. महाविद्यालय भिण्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। कलेक्टर ने निरीक्षण में साफ-सफाई ना होना महाविद्यालय की व्यवस्थाऐं ठीक प्रकार से न होना, छात्र-छात्राओं द्वारा ई-लायब्रेरी के संबंध में कलेक्टर से शिकायत कर बताया गया कि लायब्रेरी में आवश्यक किताबे उपलब्ध नहीं है, जिस पर कलेक्टर ने महाविद्यालय के प्रिन्सीपल एवं संबंधित जिम्मेदार पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने महाविद्यालय की साफ-सफाई, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी के साथ कलेक्टर ने ई-लाइब्रेरी के संबंध में भी विशेष निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सेक्टर ऑफीसर, आरओ, एआरओ एवं उनकी टीमो का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न



भिण्ड । राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस की उपस्थिति में आज रौन, लहार, भिण्ड, अटेर, मेहगांव एवं गोहद के सेक्टर ऑफीसर, समस्त आरओ, एआरओ एवं उनकी टीम का प्रशिक्षण दो पालियों में जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में आयोजित किया गया।
जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण अन्तर्गत ईव्हीएम की कमीशनिंग, फंक्षनिंग एवं निर्वाचन संबंधी मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण, मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, लॉ एण्ड ऑडर, कॉडीनेटर एण्ड कम्युनिकेशन, बल्नरेविल्टी मैपिंग आदि पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आरओ, एआरओ एवं उनकी टीम को आदर्श आचार संहिता नाम निर्देषन पत्रों की प्रस्तुति एवं समीक्षा तथा प्रतीक आवंटन, ईव्हीएम की फंक्षनिंग से अवगत कराया गया।

# बघेल को मिली बड़ी जिम्मेदारी, ए.आईसीसी के आब्जर्वर बने

**प्रियंका गांधी के साथ बैठक में शामिल होने दिल्ली रवाना**



भिण्ड। उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेठी ने भिण्ड जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग के बड़े नेता जयश्रीराम बघेल को राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। जो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को जिताने और प्रत्याशी चयन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएगें। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया श्री बघेल 9 दिसंबर को अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी के साथ देहली में होने वाली बैठक में शामिल होने देर शाम रवाना हो गए हैं।
ज्ञात हो श्री बघेल बघेल समाज के साथ साथ पिछड़ा वर्ग के बड़े नेता है ओर प्रखर वक्ता है, जो भिण्ड जिला कांग्रेस के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं, और एक बार रौंन विधानसभा से प्रत्याशी भी रहे है। श्री बघेल ने अपनी नियक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का आभार व्यक्त किया है। श्री बघेल को नई जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व विधायक हेमंत कटारे, जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह, भगवान दास सैंथिया,रामहरि शर्मा, रामप्रकाश यादव, मनोज देपुरिया, अनिल भारद्वज, रामशेष बघेल, ईरशाद अहमद,ब्रजकिशोर मुदगल, अरविंद बघेल, रामोतार चौधरी, संजय भूता, सुभाष राठौर, महेश जाटव, राजेन्द्र नरवरिया, राघवेंद्र शर्मा, ब्रजकिशोर गुर्जर, राजेश शर्मा, शैलेन्द्र भादौरिया, सोहन तिवारी, प्रेम सिंह संखवार, संजीव बरुआ, शुभम मिश्रा, पीसी दीक्षित, अजय शर्मा, ममता मिश्रा, रेखा भादौरिया, रागनी चौहान, प्रदीप जैन गुड्डा, नयन सिंह राजावत, नरोत्तम चौरसिया, भगीरथ कुशवाह, लज्जाराम यादव, बबलू त्यागी, राजवीर बघेल, राजीव कौशिक, समीर खान, आदि ने बधाई प्रेषित की है।

## जनपद पंचायत क्षेत्र भिण्ड के लिए सेक्टर ऑफीसर नियुक्त

भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन डॉ सतीष कुमार एस द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021 के सुचारू रूप से संचालन हेतु जनपद पंचायत क्षेत्र भिण्ड के लिए सेक्टर ऑफीसर नियुक्त किये गये है। नियुक्त किये गये सेक्टर ऑफीसरो में सेक्टर बिरधनपुरा के लिए एमजेएस महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्रदीप सिंह भदौरिया, सेक्टर दबोहा के लिए शाउउमावि क.1 भिण्ड के प्राचार्य पूरन सिंह चौहान, सेक्टर बबेडी के लिए कन्या महाविद्यालय भिण्ड के क्रीडा अधिकारी अरविन्द शर्मा, सेक्टर सीताराम का पुरा के लिए एमजेएस महाविद्यालय भिण्ड के सहायक प्राध्यापक बीनू सिंह, सेक्टर नुन्हाटा के लिए एमजेएस महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक कमलेश कुमार रायपुरिया, सेक्टर जामना के लिए एमजेएस महाविद्यालय भिण्ड के सहायक प्राध्यापक अरफाद खांन, सेक्टर बिलाव के लिए नगर पालिका भिण्ड के उपयंत्री राजेष प्रताप सिंह, सेक्टर सिकहटा के लिए नगर पालिका भिण्ड के उपयंत्री विकास कुमार, सेक्टर उमरी के लिए शाउमावि खरिका के प्राचार्य सोनेलाल पण्डोलिया, सेक्टर पाण्डरी के लिए जनपद शिक्षा केन्द्र भिण्ड के उपयंत्री रामवीर सिंह कुशवाह, सेक्टर द्वार के लिए नगर पालिका भिण्ड के उपयंत्री मनोज कौशल, सेक्टर सगरा के लिए नगर पालिका भिण्ड के उपयंत्री देवेन्द्र गजाम, सेक्टर लहरोली के लिए नगर पालिका भिण्ड के उपयंत्री जसवंत लकडा, सेक्टर नयागांव के लिए पशु माता महामारी इकाई भिण्ड के पशु चिकित्सा सहायक डॉ हेमंत कुमार पाठक, सेक्टर टेहनगुर के लिए पशु चिकित्सा भिण्ड के पशु चिकित्सा सहायक अरविन्द शर्मा, सेक्टर ढोचरा के लिए भूजल सर्वेक्षण इकाई भिण्ड के उपयंत्री रामनरेश शर्मा, सेक्टर पुलावली के लिए लोक स्वास्थ्य विभाग मेहगांव के उपयंत्री गजेन्द्र सिंह भदौरिया, सेक्टर कनावर के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा भिण्ड के उपयंत्री दीपक गर्ग, सेक्टर स्योढा के लिए शाउमावि अकोडा के प्राचार्य एसके गौतम, सेक्टर चरथर के लिए एमजेएस महाविद्यालय भिण्ड के सहायक प्राध्यापक शेरसिंह वर्मा, सेक्टर कचोगरा के लिए एमजेएस महाविद्यालय भिण्ड के सहायक प्राध्यापक बीरबलवलवद्र प्रताप सेंगर, सेक्टर दीनपुरा के लिए एमजेएस महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मालनवीय विमल, सेक्टर बरही के लिए शाउमावि फूप के प्राचार्य योगेश मिश्रा, सेक्टर भदाकुर के लिए कृषि यांत्रिकी विभाग भिण्ड के उपयंत्री शातनु पाण्डेय एवं सेक्टर विण्डवा के लिए नगर परिषद फूप के उपयंत्री प्रशांत सिंह को सेक्टर ऑफीसर बनाया गया है।

## शाउमावि फूप के माध्यमिक शिक्षक श्री श्रीवास निलंबित

भिण्ड । जिला शिक्षा अधिकारी भिण्ड हरभुवन सिंह तोमर ने परीक्षा जैसे अतिमहत्वपूर्ण गोपनीय कार्य की गोपनीयता भंग करने पर शाउमावि फूप के मा.शि. कमलेश श्रीवास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड भिण्ड मुख्यालय नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार मूलभूत नियम 53 (क) के जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। ज्ञात हो कि समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार अनुसार कस्वा फूप में कक्षा 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा वर्ष 2021 विषय गणित का प्रश्नपत्र होने का 04 दिसम्बर 2021 से एक दिवस पूर्व ही सोशल मीडिया के माध्यम से लीक हुआ, जिसकी शिकायत छात्र-छात्राओं द्वारा पुलिस थाना फूप में भी दर्ज कराई गई। चूँकि उक्त विद्यालय के परीक्षा कक्ष प्रभारी कमलेश श्रीवास, मा.शि., शा.उ.मा.वि.फूप है, वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त प्रश्नपत्र आपके संरक्षणध्निगरानी में ही रहते है साथ ही ऋषि श्रीवास पुत्र कमलेश श्रीवास, छात्र छात्राओं को बिना अनुमति के ट्यूशन पढाते है, के द्वारा ही उक्त पेपर सोशल मीडिया पर अपलोड कर लीक किया गया है, जिसका एडमिन भी ऋषि श्रीवास है कमलेश श्रीवास, मा.शि. के द्वारा परीक्षा जैसे अति महत्वपूर्ण गोपनीय कार्य की गोपनीयता भंग कर परीक्षा अधिनियम 1937 के उपनियमों का उल्लंघन किया गया है। आपका उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा ( वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील ) नियम-1965 उपनियम 1, 2, 3 के तहत कदाचार की श्रेणी में होकर दण्डनीय है। कमलेश श्रीवास, मा.शि. एकीकृत शाला शा.उ.मा.वि.फूप को परीक्षा अधिनियम 1937 के उपनियमों के अनुसार प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड भिण्ड रहेगा।

## क्षय रोग उन्मूलन हेतु वाद विवाद प्रतियोगिता




मेहगांव। शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत न्यू इंडिया 75 के तहत तीसरे चरण मे वाद विवाद प्रतियोगिता महाविद्यालय में झलकारी बाई एवं लक्ष्मी बाई ग्रुप में आयोजित की गई। जिसमें निम्न बिंदुओं पर छात्राओं ने वाद विवाद के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। केंद्र सरकार ने 2025 तक भारत को क्षय रोग से मुक्त करने का जो लक्ष्य रखा है उसके लिए स्वयं तथा अन्य लोगों को इसके प्रति जागरूक करना हम सब का उत्तरदायित्व है। यह लक्ष तभी सफल होगा जब सब लोग यह संकल्प करेंगे कि जन जन की यही पुकार टीबी मुक्त हो देश हमारा वाद विवाद कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य आरके सक्सेना जी एवं कार्यक्रम अधिकारी गिरिजा नरवरिया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में दोनों समूह की निम्न छात्राओं ने क्षय रोग उन्मूलन हेतु सहभागिता की जिसमें शताक्षी शर्मा, कृतिका शर्मा, दामिनी त्यागी, सपना वर्मा, राखी नरवरिया, लक्ष्मी, आरती कुशवाह, प्रियंका कुशवाह, शैलेंद्र, रानू शर्मा, कीर्ति त्यागी, माधवी त्यागी, आकांक्षा, प्रियंका शर्मा, शालिनी, आकृति, पूजा, शैली, रामा भदोरिया, रिया सोनी आदि छात्राओं ने टीबी हारेगा देश जीतेगा का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में प्रो. आर के डबरिया, प्रो. अनुग्रह दत्त शर्मा, प्रो. राधाकृष्ण शर्मा, प्रो.दुर्गेश गुप्ता, डॉ.हर्षद मिश्रा, प्रो.सुनील बंसल, प्रो. शिवप्रकाश नरवरिया, प्रो. वंदना श्रीवास्तव, प्रो. पुरुषोत्तम सिंह तोमर, अंबुजा गुप्ता पूरन लाल, पूरन सिंह, रमेश कुमार शर्मा , कांति गर्ग शैलेन्द्र रमन कांति एवं सुशील चौधरी मौजूद रहे।

# कोहार रोड पर हुई मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर



मेहगांव। मेहगांव मौ रोड पर ग्राम कोहार के पास दो बाइक की भिंडत हो गई है। जिसमें दो युवकों के गंभीर चोटें आई है। जिसे कोहार के पास एक व्यक्ति एक घण्टे तक 108 एम्बुलेंस और डायल 100 पुलिस को फोन लगाता रहा परंतु कोई भी घटना स्थल पर नही पहुँचा। जिसके बाद एक युवक उन दोनों युवकों को टमटम में लेकर मेहगांव हॉस्पिटल पहुँचा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय भिण्ड रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार दुर्घटना ग्रस्त वाहन चालक मनीष शर्मा पुत्र शिवराम शर्मा निवासी अटेर रोड भिण्ड एवं दूसरा वाहन चालक सूरज पुत्र श्यामलाल जाटव निवासी लक्ष्मीनारायण का पूरा, गोरमी घायल हुये जिन्हें बाद में भिण्ड जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

# पुतिन का दौरा

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन भारत की 6 घंटे की एक्सप्रेस यात्रा पर आए। वो अपने साथ रूस के विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री को भी लेकर आए थे। रूस, भारत का बहुत पुराना पार्टनर है और मोदी और पुतिन की दोस्ती के चर्चे भी दुनिया सुन चुकी है, लेकिन अब 6 घंटे की अपनी पावर पैक्ट यात्रा के जरिए पुतिन ने दुनिया को बहुत बड़े संदेश दिए हैं। पुतिन ने 6 दिसंबर को रूस की राजधानी मास्को से भारत के लिए उड़ान भरी जो 6 घंटे की थी। पुतिन भारत में 6 घंटे तक रुके और फिर 6 घंटे का सफर करके वापस अपने देश लौट गए। जब से कोरोना आया है तब से ये व्लादिमिर पुतिन का सिर्फ दूसरा विदेश दौरा रहा। इससे पहले वो सिर्फ इसी साल जून में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से जेनेवा में मिले थे। अब दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए और कई मुद्दों पर सहमति बनी। दोनों देशों के बीच अगले 10 वर्षों के लिए कई रक्षा समझौते हुए हैं। दोनों देशों के बीच कोरोना वैक्सीन को लेकर भी चर्चा हुई। दोनों देशों ने आपसी व्यापार बढ़ाने पर भी बात की, इसके तहत भारत के चेन्नई और रूस के व्लादिवोस्तोक शहर के बीच एक व्यापारिक कॉरिडोर बनेगा, इसके अलावा दोनों देशों ने अफगानिस्तान के मुद्दे पर भी चर्चा की। जब से पुतिन रूस के राष्ट्रपति बने हैं तब से वो नौवीं बार भारत आए और अब तक पुतिन और नरेंद्र मोदी के बीच करीब 19 मुलाकातें हो चुकी हैं, लेकिन उनका इस बार का भारत दौरा बहुत खास रहा। सवाल यह भी है कि किसी देश का राष्ट्रपति सिर्फ रक्षा समझौते करने 6 घंटे के लिए भारत नहीं आएगा। पहला कारण यह है कि भारत दौरे के बाद पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन के बीच वीडियो कॉल पर बातचीत हुई है, जिसमें यूक्रेन के मुद्दे पर चर्चा की गई। संभव है कि अगर आने वाले दिनों में यूक्रेन को लेकर संयुक्त राष्ट्र में कोई वोटिंग होगी तो रूस चाहेगा कि भारत अगर उसके साथ खड़ा ना भी हो तो कम से कम उसका विरोध तो ना करे। दूसरा कारण यह है कि इस समय रूस में कोविड 19 के मामले एक बार फिर बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। पुतिन के मन में कोई तो ऐसी चिंता है जिसमें वो भारत को अपने साथ रखना चाहते हैं। शायद पुतिन, चीन और भारत के संबंधों में आई कड़वाहट को कम करने की कोशिश करना चाहते हैं क्योंकि अब चीन और रूस एक तरफ हैं जबकि अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देश एक तरफ हैं। रूस चाहता है कि भारत और चीन के संबंध सामान्य हो जाएं ताकि टकराव की स्थिति में भारत सीधे अमेरिका जैसे देशों का साथ ना दे। भारत और रूस की ये दोस्ती आज की नहीं बल्कि दशकों पुरानी है और इसकी शुरुआत भारत की आजादी के साथ ही हो गई थी। आज पूरा देश 1971 के युद्ध के 50 साल पूरे होने और उस युद्ध में भारत की जीत का जश्न मना रहा है लेकिन उस समय रूस ने भारत के लिए जो किया वो दोनों देशों की दोस्ती की सबसे बड़ी मिसाल है। हाल ही के वर्षों में भी जब जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस पहुंचे तो उनके और व्लादिमर पुतिन के बीच ऐसी ही मजबूत दोस्ती दिखाई दी थी।

# संवाद से पटेगी अविश्वास की खाई

**राजकुमार सिंह**

कृषि सुधार के नाम पर नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा बनाये गये विवादास्पद तीन कृषि कानूनों की एकतरफा वापसी भी हो गयी, लेकिन उनके विरोध में एक साल से आंदोलनरत किसान अभी भी दिल्ली की दहलीज पर डटे हैं। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री ने इन कानूनों की वापसी के लिए गुरु पर्व का विशेष दिन निश्चय ही बहुत सोच-विचार कर चुना होगा।

19 नवंबर को कानून वापसी के ऐलान के बाद शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन 29 नवंबर को संसद के दोनों सदनों में तीन कृषि कानून वापसी संबंधी विधेयक भी पारित हो गया और 30 नवंबर को राष्ट्रपति ने उस पर हस्ताक्षर भी कर दिये। जाहिर है, एक दिसंबर से विवादास्पद कृषि कानून अस्तित्व में नहीं रहे। फिर भला किसान आंदोलन छोड़ कर घर वापसी को तैयार क्यों नहीं हैं? स्वाभाविक ही सरकार और सत्तारूढ़ दल भी यही सवाल पूछ रहे हैं, जिसका जवाब भी किसान नेताओं ने दिया है। किसान नेताओं की मांग है कि विवादास्पद पराली और बिजली कानून वापस लेने के साथ ही एमएसपी संबंधी कानून बनाया जाये तथा आंदोलनकारी किसानों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे वापस लेकर इस दौरान मृत किसानों को शहीद का दर्जा देते हुए मुआवजा व एक परिजन को नौकरी दी जाये। पराली जलाना अपराध नहीं रहा– ऐसा ऐलान केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर कर चुके हैं। उसके बाद ही किसानों ने संसद तक ट्रैक्टर कूच टाला था। मानना चाहिए कि यह मुद्दा भी सुलझ ही चुका है, लेकिन एमएसपी कानून पर समिति बनाने की बात करने वाली सरकार बाकी सवालों पर मौन है, और शायद यह मौन ही किसानों की आशंकाओं को बेचैनी में बदल रहा है। कृषि मंत्रालय के पास मृतक आंदोलनकारी किसानों का आंकड़ा न होने जैसे तोमर के बयान माहौल बिगाड़ने में ही मददगार होंगे। अक्सर होता है कि कुछ मांगें मान कर सरकार कुछ के लिए समिति बना देती है तो कुछ मांगें आंदोलनकारी भी छोड़ देते हैं, लेकिन देश का सबसे लंबा (और शांतिपूर्ण भी) आंदोलन बताये जा रहे किसान आंदोलन में ऐसा होता नजर नहीं आ रहा तो उसकी वजहें भी साफ हैं। आंदोलन अक्सर सरकार के किसी फैसले-कदम के विरुद्ध ही होते हैं या फिर किसी मांग को लेकर। पिछले साल अक्तूबर के आसपास किसान आंदोलन मोदी सरकार के तीन विवादास्पद कृषि कानूनों की वापसी तथा एमएसपी कानून बनाने की मांग को लेकर शुरू हुआ था। सरकार जिन कृषि कानूनों को कृषि और किसान की अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करने वाला बता रही थी, वे आंदोलनकारी किसानों को काले तथा उन्हें जमीन पर अधिकार से ही वंचित करने की साजिश नजर आये। इसी बीच बिजली और पराली संबंधी कानून भी विवाद का मुद्दा बने, जिन्हें वापस लेने पर 12 दौर की बातचीत में सरकार की सहमति का दावा अब किसान नेता सार्वजनिक रूप से कर रहे हैं। जाहिर है, एक सशक्त सरकार द्वारा साख का सवाल बने तीन कृषि कानून वापस ले लिये जाने के बावजूद किसानों से तकरार के मुख्य मुद्दे अब एमएसपी कानून, मुकदमे वापसी, मृतक किसानों को शहीद का दर्जा और उनके परिजनों को मदद ही रह गये हैं। साल भर के आंदोलन और सरकार द्वारा कानून वापसी के बावजूद किसान दिल्ली की दहलीज पर ही डटे हैं तो यह सरकार की रीति-नीति और उससे बने माहौल पर बड़ा सवालिया निशान भी है। किसान तीनों कानूनों की वापसी से कम पर नहीं मानेंगे–यह तो सरकार के साथ 12 दौर की बातचीत में ही स्पष्ट हो गया था, और आखिरी दौर की बातचीत जनवरी में हुई थी। फिर भला कानून वापसी के लिए 19 नवंबर तक इंतजार क्यों किया गया? क्या सरकार आंदोलनकारी किसानों की इच्छा शक्ति और संघर्ष-सामर्थ्य का इम्तिहान ले रही थी? जायज मांगें पूरी करने के लिए भी ऐसे इम्तिहान लोकतांत्रिक व्यवस्था की साख हरगिज नहीं बढ़ाते। कानून बनाते समय किसानों से चर्चा की जरूरत नहीं समझी गयी। जब उन्होंने विरोध किया तो उसे अनसुना कर दिया गया और जब वे दिल्ली में प्रवेश न दिये जाने पर सीमा पर ही धरने पर बैठ गये तो उनके किसान होने से लेकर आंदोलन के असल मंसूबों तक पर सवाल उठाये गये। जाहिर है, ऐसा आचरण भी लोकतांत्रिक सरकार से अपेक्षित नहीं। अगर खास मंसूबों से प्रेरित आंदोलनकारी किसान ही नहीं थे, तो फिर सरकार ने 12 दौर की बातचीत क्यों की? यह भी कि एक निर्वाचित लोकप्रिय लोकतांत्रिक सरकार के ऐसे आचरण से क्या संदेश गया होगा और उसका स्वाभाविक असर आंदोलनकारी वर्ग पर क्या हुआ होगा?

ये सवाल आज भी बेहद प्रासंगिक इसलिए हैं, क्योंकि कानून वापसी और उसके बावजूद दिल्ली की दहलीज पर जारी किसान आंदोलन इन्हीं अनुत्तरित सवालों का जवाब भी है। दरअसल आंदोलन के जनक और फिर उसे अधिक अडिग बनाने वाले इन सवालों ने देश की सरकार और आंदोलनकारियों के बीच अविश्वास की खाई इतनी चौड़ी कर दी है कि उसे हाल-फिलहाल आसानी से नहीं पाटा जा सकता। बेशक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जो आसानी से यह कर सकते थे, लेकिन उन्होंने एक बड़ा अवसर तो गंवा ही दिया है। 12 दौर की बेनतीजा बातचीत के बाद ही जनवरी के अंत में मोदी ने कहा था कि वह किसानों से सिर्फ एक फोन कॉल की दूरी पर हैं। कहना नहीं होगा कि अगर उन्होंने समय रहते वह दूरी तय कर ली होती तो सरकार और किसानों के बीच अविश्वास की खाई नहीं बढ़ती। और तब 19 नवंबर को एकतरफा कानून वापसी की नौबत भी नहीं आती, और कानून वापसी के बावजूद किसान भी शायद आंदोलन पर नहीं डटे रहते। सत्ता का अक्सर जमीन से संबंध टूट जाता है। फिर भी नरेंद्र मोदी-अमित शाह की जिस जोड़ी की देश की राजनीतिक नब्ज पर पकड़ बेमिसाल मानी जाती रही है, उससे ऐसे कृषि कानूनों के राजनीतिक नफा-नुकसान के आकलन में इतनी बड़ी और लगातार चूक समझ से परे है। यह सही है कि मोदी सरकार ने पहले और दूसरे कार्यकाल में कई अप्रत्याशित फैसले लिए हैं। उनमें से तीन तलाक, नागरिकता संशोधन कानून और जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने वाले फैसलों को देश की दशा-दिशा पर दूरगामी प्रभाव डालने वाला भी माना जाता है। बेशक इन फैसलों के विरुद्ध स्वर उठे, आंदोलन भी हुए, पर परिणाम नहीं बदल पाये। अगर उसी अनुभव से मोदी सरकार में यह अति विश्वास जगा कि कृषि कानूनों का विरोध भी उसी तरह एक दिन मंद पड़ जायेगा, तो निश्चय ही यह किसान की संघर्ष क्षमता का गलत आकलन था। मान लेते हैं कि वह गलत आकलन ही सरकार से एक के बाद एक गलती कराता गया, लेकिन उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों से चंद महीने पहले जब यह अहसास हो गया था कि कानून वापसी के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है भाजपा की राजनीतिक जमीन बचाने का, कम से कम तब तो इस काम को रणनीतिक तरीके से अंजाम दिया जाना चाहिए था, जिससे संभावित चुनावी नुकसान की अधिकतम भरपाई हो पाती। समझा जा सकता है कि कोरोना के कहर के बीच मौसम की मार झेलते हुए साल भर से दिल्ली की दहलीज पर आंदोलनरत और अपने सैकड़ों साथियों की जान गंवा देने वाले किसान कानून वापसी भर से फिर से भाजपा समर्थक नहीं बन जायेंगे, लेकिन अगर मोदी स्वयं सीधे संवाद की पहल कर कानून वापसी तथा अन्य मांगों पर समयबद्ध विचार के लिए समिति बनाने का फैसला सुनाते तब निश्चय ही अविश्वास की उस खाई को पाटने में बड़ी मदद मिलती, जो लगातार चौड़ी होती हुई तल्खी में बदलती गयी है।

किसान आंदोलन में विभिन्न वैचारिक-राजनीतिक प्रतिबद्धताओं वाले संगठन-नेता एक बैनर तले आये हैं। कानून वापसी के बाद उनमें मतभेदों को हवा देकर आंदोलन समाप्त नहीं तो कमजोर अवश्य किया जा सकता है, लेकिन उससे भाजपा के राजनीतिक हित सुरक्षित नहीं हो पायेंगे, जिन्हें जबरदस्त नुकसान पहुंचा है। व्यापक राष्ट्रहित में भी जरूरी है कि केंद्र सरकार स्वयं किसानों से सौहार्दपूर्ण संवाद की पहल कर उनकी शेष मांगों पर समयबद्ध विचार प्रक्रिया शुरू करे। नहीं भुलाया जा सकता कि तमाम बदहाली के बावजूद देश की एक-तिहाई आबादी जीवनयापन के लिए कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है, जिसने कोरोना कहर के बीच भी देश की अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण संबल दिया था।

## ज्ञान के रास्ते पर

गौतम बुद्ध के प्रवचन में एक व्यक्ति रोज आता था और बड़े ध्यान से उनकी बातें सुनता था। बुद्ध अपने प्रवचन में लोभ, मोह, द्वेष और अहंकार छोड़ने की बात करते थे। एक दिन वह व्यक्ति बुद्ध के पास आकर बोला- मैं लगभग एक महीने से आपके प्रवचन सुन रहा हूं। पर क्षमा करें, मेरे ऊपर उनका कोई असर नहीं हो रहा है। इसका कारण क्या है? क्या मुझमें कोई कमी है? बुद्ध ने मुस्कराकर पूछा- यह बताओ, तुम कहां के रहने वाले हो? उस व्यक्ति ने कहा- श्रावस्ती। बुद्ध ने पूछा- श्रावस्ती यहां से कितनी दूर है?, उसने दूरी बताई। बुद्ध ने पूछा- तुम वहां कैसे जाते हो? व्यक्ति ने कहा- कभी घोड़े पर तो कभी बैलगाड़ी में बैठकर जाता हूं। बुद्ध ने फिर प्रश्न किया- कितना समय लगता है?, उसने हिसाब लगाकर समय बताया। बुद्ध ने कहा- यह बताओ क्या तुम यहां बैठे-बैठे श्रावस्ती पहुंच सकते हो व्यक्ति ने आश्चर्य से कहा- यहां बैठे-बैठे भला वहां कैसे पहुंचा जा सकता है। इसके लिए चलना तो पड़ेगा या किसी वाहन का सहारा लेना पड़ेगा। बुद्ध मुस्कराकर बोले- तुमने बिल्कुल सही कहा। चलकर ही लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। इसी तरह अच्छी बातों का प्रभाव भी तभी पड़ता है जब उन्हें जीवन में उतारा जाए। उसके अनुसार आचरण किया जाए। कोई भी ज्ञान तभी सार्थक है जब उसे व्यावहारिक जीवन में उतारा जाए। मात्र प्रवचन सुनने या अध्ययन करने से कुछ भी प्राप्त नहीं होता। उस व्यक्ति ने कहा- अब मुझे अपनी भूल समझ में आ रही है। मैं आपके बताए मार्ग पर आज से ही चलूंगा। बुद्ध ने उसे आशीर्वाद दिया।

# दहेज मांगने पर गिरफ्तारी

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

हरयाणा की एक युवती ने दहेज के विरुद्ध ऐसा जबर्दस्त कदम उठाया है कि उसका अनुकरण पूरे भारत में होना चाहिए। भारत सरकार ने दहेज निषेध कानून बना रखा है लेकिन भारत में इसका पालन इसके उल्लंघन से ही होता है। बहुत कम विवाह देश में ऐसे होते हैं, जिनमें दहेज का लेन-देन न होता हो। जहां स्वेच्छा से दहेज दिया जाता है, वहां भी लड़कीवालों पर तरह-तरह के मानसिक, सामाजिक और जातीय दबाव होते हैं। कई बार फेरों के पहले ही विवाह टूट जाता है, आई हुई बारात खाली लौट जाती है और विवाह-स्थल पर ही घरातियों व बरातियों में दंगल हो जाता है। शादी के बाद तो बहुओं को जिंदगी भर तंग किया जाता है। उनके मां-बाप को कोसा जाता है और बहुएं तंग आकर आत्महत्या कर लेती हैं। दहेज मांगनेवालों को 3 से 5 साल की सजा का प्रावधान कानून में है लेकिन भारत में कानून की हालत खुद बड़ी खस्ता है। पहली बात तो यही कि लड़कीवालों की हिम्मत ही नहीं होती कि वे कानून का सहारा लें। यदि वे अदालत में जाएं तो पहले उनके पास वकीलों की फीस भरने के लिए पैसे होने चाहिए और दूसरा खतरा उनकी बेटी को ससुराल से धकियाए जाने का होता है। अदालत में कोई चला भी जाए तो उसे इंसाफ मिलने



में बरसों लग जाते हैं। लेकिन हरयाणा के आकोदा गांव की एक युवती ने अत्यंत साहसिक कदम उठाकर दहेज के इस अधमरे कानून में जान फूंक दी है। इस लड़की की शादी 22 नवंबर को होनी थी। दूल्हे ने दहेज में 14 लाख रु. की कार मांगी। कार नहीं मिलने पर वह 22 नवंबर को बारात लेकर आकोदा नहीं पहुंचा। उस लड़की ने उस भावी पति के खिलाफ पुलिस में रपट लिखवाई और दंड संहिता की धारा 498ए के तहत उसे गिरफ्तार करवा दिया। मुझे खुशी तब होती, जबकि उसके परिवार के कुछ बुजुर्ग सदस्यों को भी जेल की हवा खिलवाई जाती, क्योंकि उनकी सहमति के बिना दहेज में कार की मांग क्यों होती? अब उस बहादुर लड़की के लिए रिश्तों की भरमार हो गई है। इससे भी पता चलता है कि भारत में आदर्श आचरण करनेवालों की कमी नहीं है। असली दिक्कत तो लालच ही है। लालच में फंसे होने के कारण ही हमारे नेता और अफसर रिश्वत खाते हैं, डॉक्टर और वकील ठगी करते हैं, व्यापारी मिलावट करते हैं और किसी का कुछ बस नहीं चलता है तो लोग दहेज के बहाने अपने बेटे-बेटियों का भी सौदा कर डालते हैं। कई लोग अपनी सुंदर, सुशिक्षित और सुशील बेटियों को अयोग्य पैसेवालों के यहां अटका देते हैं। वे जीवन भर अपने भाग्य को कोसती रहती हैं। इस बीमारी का इलाज सिर्फ कानून से नहीं हो सकता है। इसके लिए भारत में सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलन की सख्त जरुरत है। मैंने लगभग 60 साल पहले इंदौर में ऐसा आंदोलन शुरु किया था। जिन सैकड़ों लड़कों ने मेरे साथ दहेज नहीं लेने की प्रतिज्ञा की थी, उनकी दूसरी-तीसरी पीढ़ी भी आज तक उस संकल्प को निभा रही हैं। यदि भारत के साधु-संत, मौलाना, पंडित-पादरी लोग यह बीड़ा उठा लें और आर्यसमाज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सर्वोदय मंडल, साधु समाज, इमाम संघ, शिरोमणि सभा आदि संगठन इस मुद्दे को अपने हाथ में ले लें तो दहेज की समस्या पर काबू पा लेना कठिन नहीं होगा।

# बैंकों का निजीकरण राष्ट्रहित में कदापि नहीं!

## सूडोकु नवताल- 5916

✶✡✡✡✡ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5915 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

एक समय देश में ऐसा आया कि तत्कालीन केन्द्र सरकार ने सामाजिक कल्याण, राशि पर नियंत्रण, बैंकों का विस्तार, देश की मुद्रा पर निजी अधिपत्य को समाप्त करने एवं जनकल्याण में लगाने के उदेश्य को लेकर जुलाई 1969 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के तहत देष के न्यूनतम 50 करोड़ डिपॉजिट वाले 14 कमर्षियल बैंकों का एवं अप्रैल 1980 में 6 कमर्षियल बैंकों का राश्ट्रीयकरण किया। जिसके तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडियन, इंडियन बैंक, बैंक आफ महाराश्ट्र, विजया बैंक, देना बैंक,पंजाब एंड सिंध बैंक, आंध्रा बैंक, ओरयिंटल बैंक ऑफ कमर्स कारपोरेशन बैंक आदि को राश्ट्रहित में बताया। जिसमें जिसे देश की अवाम ने पसंद भी किया एवं इस कदम पर आम चुनाव में जनमत भी मिला तों आज वर्तमान केन्द्र सरकार उन्हीं बैंकों को फिर से निजीकरण करने की ओर कदम बढ़ा रही है जो कदापि देशहित में नहीं। इस तरह की प्रक्रिया का देश की अर्थ व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के साथ - साथ आमजन में भी घोर विरोध होने की संभावना नजर आ रही है। इस दिशा में निजीकरण के विरोध में बैंकों का दो दिवसीय आंदोलन भी होने जा



रहा है। राश्ट्रीकृत बैंक जहां देश की मुद्रा पूर्णरूप से सुरक्षित एवं नियंत्रित है , जिनका अधिकांश उपयोग जनकल्याण एवं देशहित में किया जाता है, इस तरह के बैंकों के निजी हाथों में जाने से देश की अर्थव्यवस्था डगमगा सकती है। जनकल्याण के कार्यो में अवरोध पैदा होने के साथ - साथ विकास के कार्य भी रूक सकते है। इस तरह के बैंकों पर आज राजनीतिक प्रभाव होने से ये बैंक मूलतः अपने उदेश्य को खोते जरूर जा रहे है, जिसका कहीं न कहीं दुरूपयोग होता नजर आ रहा है। वोट की राजनीति के चलते इस तरह के बैंक निश्चित तौर पर आर्थिक नुकसान से घिर गये है। फिर भी देशहित में बैक का निजीकरण कदापि नहीं। बैंक देश की धरोहर है जिसकी रक्शा हर हालत में की जानी चाहिए। इसके लिये जरूरी है कि इसे निजीकरण करने के वजाय इसपर से राजनीतिक छत्रछाया को दूर किया जाय। जनकल्याण की दृश्टि से बैंक से दिये गये कर्ज की राशि की पूर्णरूप से वापसी हो नहीं पाती जो राजनीतिक लाभ में उलझकर रह जाती है। इस तरह की प्रक्रिया से बैंक को दूर रखा जाना चाहिए। जो बैक से कर्ज रूप में राशि दी जाय ब्याज सहित उसकी वापसी होना जरूरी है तभी बैंक अपने अस्तित्व को बनाये रख सकेंगे। इन बैंकों में कार्य करने वालों की बात कही न कहीं लापरवाही से जुड़ी हो सकती है जिसे कुशल प्रबंधन एवं नियंत्रण से दूर किया जा सकता। वर्तमान केन्द्र सरकार ने बेहतर कार्यप्रणाली के उदेश्य को लेकर कुछ राश्ट्रीकृत बैंकों का एक दूसरे में विलय अवश्य किया है। संसद के शीतकालीन सत्र में बैंकों के निजीकरण किये जाने संबंधी विधेयक सरकार द्वारा लाने की चर्चा है पर इन बैंकों का निजीकरण देशहित में कदापि नहीं। निजीकरण करने का विचार देश हित में त्यागकर इसकी अस्मिता को बनाये रखने की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। ये बैंक राजनीतिक प्रक्रिया से जितना हीं दूर रहें, राष्ट्रहित में सही कार्यरत रहेंगे। इस दिशा की ओर सरकार के कदम बढ़ना चाहिए।

# डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की मोदी को चुनौती

**कनक तिवारी**

हिन्दू महासभा में रहे श्यामाप्रसाद मुखर्जी को शुरू में ही संविधान सभा की सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया था। उन्होंने तरह तरह के सुझाव भी दिए। उनका ब्यौरा इतिहास को मालूम होना चाहिए। उन्होंने दो टूक लिखा था कि संविधान में अस्पृश्यता अर्थात छुआछूत की मुकम्मिल परिभाषा होनी चाहिए। कहना चाहिए कि छुआछूत की बीमारी गैरहिन्दुओं में नहीं होती। इतना सपाट वाक्य किसी अन्य सदस्य ने नहीं लिखा था। डा0 मुखर्जी की बात मान ली जाती, तो डींग मारने वाले हिन्दुत्व से लबरेज तर्कों को संकोच में रहना पड़ता।

नागरिक आज़ादी के लिए भी श्यामाप्रसाद मुखर्जी की चिंताएं रही हैं। यह तलाश करना आज ज़रूरी और मुनासिब है। नरेन्द्र मोदी की सरकार के आचरण के कारण नागरिक अधिकारों पर सबसे ज्यादा हमले किए जा रहे हैं। सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ बोल देने से प्रतिबंधात्मक कानूनों को तलवार बनाकर नागरिकों की गरदन पर फेरा जा रहा है। संविधान की सलाहकार समिति की बैठक में उत्तेजना की भी स्थिति निर्मित हुई। एक अवसर पर उपसमिति के अध्यक्ष को झिड़की लगाते श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने यहां तक कह दिया था कि आप फिजूल बातें कर रहे हैं। फिर उन्होंने कहा नागरिक आज़ादी को कुचलते बिना वारंट के कोई पुलिस अधिकारी सर्च करने के नाम पर किसी के भी घर घुस जाए तो संवैधानिक अधिकारों की रक्षा कैसे हो सकती है? उन्होंने कहा सर्च तो हो, लेकिन पुलिसिया अधिकारों को काबू नहीं रखना मुनासिब नहीं होगा। आज मोदी सरकार में तो पुलिसिया दौर का मॉबलिंचिंग ब्रान्ड का तांडव वसंत चल रहा है। पुलिस के अलावा सीबीआई, एनआईए, ईडी, इन्कम टैक्स और तरह तरह के कई पुलिसिया विभाग हैं। उनका हमला नागरिकों पर रोज़ हो रहा है। पुलिसिया अधिकार से लैस आज के मंत्री अपने आपको गौरवशाली और सुरक्षित समझते हैं। भले ही जनता टूटती और पिसती हालत में है।

चुनाव सुधारों को लेकर भी श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने सुझाव दिए थे जनता के आक्रोष की अनदेखी नहीं करने की उनकी सलाह थी। हर नागरिक को याचिकाएं देने, शिकायत करने और मुकदमे दायर करने की आज़ादी हो। यह उन्होंने अंगरेजी और चीनी संविधानों से प्रेरित रहते लिखा। राज्य द्वारा आयोजित किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में नागरिकों को बिना भेदभाव अवसर मिलें। यह भी डा0 मुखर्जी ने अंगरेजी और चीनी संविधानों से प्रेरित होकर लिखा था।

# धूमधाम से निकली भगवान राम की बारात, मंदिर पर हुआ प्रसादी वितरण





**मुरैना।** बुधवार को पंचमी के दिन जीवाजी गंज स्थित श्री राम जानकी मंदिर में भगवान राम-सीता का विवाह समारोह आयोजित हुआ और जीवाजी गंज में बैंड बाजों के साथ उनकी बारात निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एकत्रित हुए और बारात का स्वागत भक्तजनों ने किया। विदित हो कि मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी को भगवान राम ने माता सीता के साथ विवाह किया था। ऐसे में इस तिथि को श्रीराम विवाहोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसको विवाह पंचमी भी कहते हैं, इस दिन भगवान राम और माता सीता का विवाह करवाना बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान श्री राम और माता सीता की पूजा-अर्चना और उपासना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन श्री राम और माता सीता की श्रद्धापूर्वक पूजा-अराधना करने से मनचाहा वर की प्राप्ति होती है। विवाहितों के सौभाग्य में वृद्धि होती है। कहते हैं कि इस दिन माता जानकी और भगवान श्री राम की स्तुति जरूर करनी चाहिए, ऐसा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बुधवार को पंचमी के दिन श्री राम जानकी मंदिर में विवाह समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ और महिला भक्तों द्वारा मंगल गीत गाए गए। इसके पश्चात मंदिर से भगवान राम सीता की बारात रथ पर निकली तथा बैंडबाजों की धुन पर महिला पुरुष बच्चे नाच रहे थे। इस दौरान कई जगह बारात का स्वागत हुआ। जीवाजी गंज में मुंशीलाल दोनारी के परिवार द्वारा बारात का भव्य स्वागत कर स्वल्पाहार कराया गया। पूर्ण रीतिरिवाज के साथ भगवान श्रीराम की बारात श्री रामजानकी मंदिर पर पहुंची और यहां पूरे विधिविधान के साथ जनकपुरी बने रामजानकी मंदिर पर भगवान की आगवानी की गई, तब भगवान का जनकपुरी प्रवेश हुआ। यहां मंदिर प्रांगण में सैकडों महिला व पुरूष भक्तों द्वारा विवाह की सभी क्रियाएं विधिविधान से संपन्न कराई गई तथा पांव पखारने की प्रक्रिया भी अंत में की गई। विवाह संपन्न होने के बाद मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को अन्नकूट प्रसादी का वितरण भी किया गया।

### कांग्रेस विधायक ने मनाया राम-सीता का विवाहोत्सव



राम विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर राम जानकी मंदिर मुरैना से राम बारात निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कोर्ट तिराहे राम जानकी मंदिर पर पहुंची। जहाँ विधि विधान से राम बारत का भव्य स्वागत हुआ। साथ में सियाराम जी का विवाह पंडित सनेही ने संत महावीर दास जी महाराज की उपस्थिति में सम्पन्न कराया। जिसमें कांग्रेस के विधायक राकेश मावई, दशरथ गुर्जर, जसवंत गुर्जर,आयुष अग्रवाल अनिल अग्रवाल, गुड्डू मंगल, राजेश राठौर, अमित बंसल, रमन मित्तल, सोनू पचौरी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## साधु को किसी स्थान या व्यक्तियों से ज्यादा प्रेम नहीं करना चाहिए: विनम्र सागर



**अम्बाह।** चार माह से जैन बगीची में चातुर्मास कर रहे जैन आचार्य विनम्र सागर जी महाराज अपने संघ सहित चातुर्मास पूर्ण होने पर आज गुरुवार को मुरैना की तरफ बिहार करेंगे इससे पूर्व बुधवार को मुरैना जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने आकर आचार्य श्री विनम्र सागर जी को संघ सहित श्रीफल भेंट कर मुरैना में धर्म प्रभावना के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर आयोजित धर्म सभा में विन्रम सागर महाराज ने कहा कि प्रवेश से परिवर्तन तक की यह यात्रा अविस्मरणीय है। जैन शास्त्रों के अनुसार साधु-साध्वी की अपनी मर्यादाएं हैं। इसके तहत चातुर्मास समापन के बाद स्थान परिवर्तन करना ही होता है। ये सृष्टि का भी नियम है कि परिवर्तन से ही व्यक्ति के गुण-दोषों की परीक्षा होती है। जैन शास्त्रों में राग को कसाया माना गया है। इसलिए किसी स्थान या व्यक्तियों से ज्यादा प्रेम नहीं करना। गुरुभक्ति में कमी भी नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान अन्य जनपदों एवं प्रान्तों से आये हुये भक्तों को संत श्री ने मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

### अमानक उर्वरकों के क्रय, विक्रय, भण्डारण एवं स्थानांतरण पर लगा प्रतिबंध

**मुरैना।** अमानक पाये गये उर्वरक के क्रय विक्रय, भण्डारण एवं अन्य स्थान पर ले जाने पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध उर्वरक पंजीयन अधिकारी एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक अनंत बिहारी सड़ैया ने लगाया है। श्री सड़ैया ने जारी प्रतिबंधित आदेश में कहा है कि निर्माता कंपनी खेतान का एसएसपी उर्वरक विक्रय राजेश ट्रेडिंग कंपनी जीवाजीगंज मुरैना से किया जा रहा था। इसकी गुणवत्ता का नमूना 21 अक्टूबर 2021 को लिया गया था, जो परीक्षण के दौरान अमानक पाया गया है। इस उर्वरक के बैच लॉट क्रमांक अक्टूबर-2021 एवं नमूना कोड टीआर-06 के शेष बचे स्कंध को जिले में क्रय विक्रय भण्डारण एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई है। इसी प्रकार डीएपी उर्वरक का विक्रय राजकुमार तोमर, मलखान सिंह पोरसा द्वारा विक्रय किया जा रहा है।

## कोरोना संक्रमण का नया वायरस ओमिक्रॉन ने दी देश में दस्तक: सीएमएचओ

**मुरैना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एडी शर्मा ने बताया कि वैक्सीन के दोंनो डोज लगाने, मास्क लगाने, हाथों को बार-बार सेनेटाइजर करने, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने से कोरोना के नये वायरस ओमिक्रॉन के संक्रमण से बचा जा सकता है। इसलिये जिन लोगों ने वैक्सीन का द्वितीय डोज नहीं लगवाया है, वे दूसरा लोग लगवाना सुनिश्चित करें। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि देश में कोरोना संक्रमण के केस बढ़ने लगे है, इस संक्रमण को आमजन के सहयोग एवं सतर्कता से ही फैलने से रोका जा सकता है। मात्र वैक्सीन ही शरीर के अंदर वायरस से लड़ने एवं क्षमता उत्पन्न करती है। डॉ. शर्मा ने कहा कि वैक्सीन के दोंनो डोज लेने वाले व्यक्तियों को अगर कोरोना वायरस संक्रमण होता है तो उपचार के दौरान बहुत जल्दी ही ठीक होकर चला जाता है, लेकिन वैक्सीन के दोंनो डोज लगाने से व्यक्ति की मृत्यु की संभावना नगण्य है। इसलिये घबराने की जरूरत नहीं, सबसे पहले वैक्सीन के दोंनो डोज अवश्य लगवायें। घर से निकलते समय मास्क जरूर पहनने। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि दूसरा डोज अवश्य लगवाये और एक-दूसरे को जरूर प्रेरित करें।

### त्रि-स्तरीय पंचायत के लिये स्टेण्डिंग कमेटी का गठन

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन ने राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश पर त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की घोषणा के पश्चात् पंचायत आम निर्वाचन को पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिये स्टेण्डिंग कमेटी का गठन किया है। कमेटी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अध्यक्ष और पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, संयुक्त संचालक जनसम्पर्क, अनुविभागीय अधिकारी अम्बाह, मुरैना, जौरा, सबलगढ़, समस्त तहसीलदार, समस्त रिटर्निंग ऑफीसर, समस्त जनपद सीईओ सदस्य के रूप में रहेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सचिव के रूप में रहेंगे।

### मारपीट करने वाले आरोपीगणों को 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** मारपीट के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण होतम जाटव, उम्र 44 वर्ष, रामवरन जाटव, उम्र 34 वर्ष, निवासीगण अजनौधा जिला मुरैना को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 325 सहपठित धारा 34 में दोषी पाते हुये 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000-1000 रूपये के अर्थदण्ड व धारा 323 सहपठित धारा 34 में 03-03 माह के सश्रम कारावास व 500-500 रूपये (कुल 3000 रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/सहायक मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि 20 अप्रेल 2007 को रात्रि के समय फरियादी मानसिंह जाटव ने अपने भाई ओमप्रकाश के साथ थाना बामौर पर उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट की, कि उसका भाई ओमप्रकाश व आरोपी दोनों ही एक ट्रक पर ड्रायविंग करते है।

## ऑटो ई-रिक्शा सहित अन्य वाहन चालकों को परिवहन अधिकारी ने दी समझाईश



**मुरैना।** माननीय न्यायालय के निर्देश पर पूरे प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले में परिवहन अधिकारी टीपीएस भदोरिया के निर्देशन में ऑटो सहित अन्य वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है, तो वही वाहन चालकों को समझाईश भी दी जा रही है। बुधवार को श्री भदौरिया ने सभी वाहन चालकों को हिदायत देते हुए नियमों का पालन करने को कहा। इस दौरान वाहन चालकों ने भी अपनी समस्याएं रखी। श्री भदौरिया के निर्देशन में पिछले कुछ दिनों से ऑटो रिक्शा सहित अन्य टैक्सी वाहनों पर भी कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा ई-रिक्शा संचालकों को भी नियमानुसार वाहन संचालित करने को कहा जा रहा है। बुधवार कि सुबह माननीय न्यायालय के निर्देश पर श्री भदोरिया ने वाहन संचालित करने वालों को बुलाकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए और नियमानुसार वाहन चलाने की बात कही। श्री भदौरिया ने बताया कि आगामी समय में हाईकोर्ट की गाइडलाइन आने वाली है, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ब्राइट केरियर में जूनियर सीनियर कबड्डी टीम चयन आज

**अम्बाह।** सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय कबड्डी टीम का चयन आज 9 दिसंबर को ब्राइट कैरियर एकेडमी में दोपहर 2:30 बजे से होगा। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए जिला कबड्डी कॉर्पोरेशन कि सचिव संजय परमार ने बताया कि 14 दिसंबर को होने वाली सब जूनियर सीनियर राज्य स्तरीय अंतर संभागीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए मुरैना जिले की सब जूनियर सीनियर कबड्डी टीम का चयन आज 9 दिसंबर को ब्राइट कैरियर एकेडमी के खेल परिसर में किया जाएगा। एक के एफ आई मैं पंजीकृत सभी कबड्डी खिलाड़ी जिनका भजन 55 किलो ग्राम से अधिक न हो और वह सब जूनियर और सीनियर की आयु हरता पूर्ण करते हैं। वह इस चैन ट्रायल में भागीदारी कर सकते हैं। कबड्डी खिलाड़ी का खेल किट में आना अनिवार्य है। इस अवसर पर मुख्य चयन कर्ता पूर्वराष्ट्रीय खिलाड़ी अरविंद सिंह मावई मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगे।

## निःशुल्क महिला टेलरिंग प्रशिक्षण संपन्न



**मुरैना।** सेन्ट ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मुरैना द्वारा गरीब बेरोजगार महिलाओं को 30 दिवसीय निःशुल्क महिला टेलरिंग का प्रशिक्षण दिया गया था, जिसका समापन अग्रणी जिला प्रबंधक एनके मंगल ने मंगलवार को किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बैंक से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलायें अपना स्वयं का व्यवसाय पूर्ण मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से करें और अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करें। जिससे महिलाऐं प्रशिक्षण पश्चात स्वयं स्वावलम्बी होकर स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर हो सके। प्रशिक्षण में 35 महिलाओं ने प्राप्त किया, जो मुरैना के विभिन्न स्थानों से थीं। इस अवसर पर निदेशक आरपी गर्ग, फैकल्टी रियाज खान, सहायक जे.एस. प्रजापति गेस्ट फैकल्टी श्रीमती पूजा शर्मा गेस्ट एवं डीएसए असेसर श्रीमती ओमवती कुशवाह उपस्थित थीं।

## लिखित अनुज्ञा के बिना विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा



**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बी.कार्तिकेयन ने धारा 18 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1975 के तहत त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2021-22 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन प्रचार-प्रसार कार्य में लाउडस्पीकर के अनियंत्रिक उपयोग से होने वाली जन परेशानी ध्वनि प्रदूषण व शांति व्यवस्था के हित में मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के अंतर्गत आदेश 23 फरवरी 2022 तक की अवधि तक सम्पूर्ण मुरैना जिले की सीमाओं को कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र (सायलेंस जोन) घोषित किया है। इस दौरान विहित प्राधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अधिनियम की धारा 2(घ) के अंतर्गत मुरैना जिले में पदस्थ समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी को उनके मुख्यालय क्षेत्रांतर्गत अधिनियम के तहत विहित प्राधिकारी घोषित किया है। निर्देशों के अनुपालन में राजनैतिक, सार्वजनिक समारोह आदि के लिए लाउड स्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डी.जे. बैण्ड-बाजा आदि के प्रयोग विहित प्राधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। आमसभा, जुलूस एवं प्रचार कार्य हेतु लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग की अनुमति निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक दी जा सकेगी। रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक के बीच किसी भी स्थिति में अनुमति नहीं दी जावेगी। निर्वाचन प्रयोजनों के लिए आमसभाओं के दौरान स्थिर दशा में अथवा किसी प्रकार के वाहनों में लगाये गये लाउड स्पीकर या सार्वजनिक अभिभाषण प्रणाली या किसी भी प्रकार के ध्वनिप्रवर्धक का प्रयोग रात्रि में 10 बजे से प्रातः 6 बजे के मध्य नहीं किया जायेगा। ट्रक, जीप, टेम्पो, ऑटो रिक्श, तांगा आदि वाहनों से चुनाव प्रचार-प्रसार की अनुमति आवेदन करने पर ही दी जा सकेगी। आवेदन पत्र में वाहन के पंजीयन क्रमांक का उपयोग अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के लाउड, ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा प्रसारण एवं प्रचार-प्रसार करने पर या अनुमति के निर्दिष्ट अवधि के पश्चात् लाउडस्पीकर या संबंधित उपकरण के उपयोग की दशा में संबंधित उपकरण जप्त कर लिए जावेंगे। भारत सरकार, राज्य शासन, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कोविड-19 की गाईड लाइन का पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

# मौत की मशीन' को मिली कानूनी मंजूरी, 1 मिनट में बिना दर्द के हो जाएगी मृत्यु

### मशीन को मौत की मशीन बनाया गया है और उसे डॉक्टर डेथ भी कहा जाता है...



**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**नई दिल्ली।** यूथेंशिया की चाह रखने वाले को अब आसान मौत दी जा सकेगी। दरअसल सरकार ने सुसाइड मशीन के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। वही कंपनी का दावा है कि इस मशीन में किसी भी व्यक्ति की 1 मिनट के भीतर बिना दर्द के मौत हो सकती है। में इसके इस्तेमाल को कानूनी मंजूरी मिलने के बाद यह मशीन चर्चा का विषय बन गई है। वहीं इस मशीन को मौत की मशीन बनाया गया है और उसे डॉक्टर डेथ भी कहा जाता है।

जानकारी के मुताबिक एग्जिट इंटरनेशनल संस्था के डायरेक्टर डॉ फिलिप निटस्के इस मशीन का निर्माण किया है वहीं एग्जिट इंटरनेशनल का दावा है कि पिछले साल स्विट्जरलैंड में तेरह सौ लोगों ने आत्महत्या कर ली थी जिसके बाद इनको बनाना अनिवार्य था। इस मशीन को ऐसे लोगों के लिए बनाया गया है जो बीमारी से लबरेज हैं और हिल्ड नहीं पाते हैं। इस मशीन को अंदर से भी ऑपरेट किया जा सकता है वहीं बीमार व्यक्ति मशीन के अंदर पलक झुका कर बैठ सकते हैं ताबूत के आकार का बने इस मशीन में बायोडिग्रेडेबल कैप्सूल लगा हुआ है। जिसे ताबूत की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है।

ताबूत के आकार की मशीन एक 3ष्ठ-मुद्रित कैप्सूल है। जो व्यक्ति के कैप्सूल में प्रवेश करने और लेटने के बाद अंदर से सक्रिय हो जाता है। संगठन ने कहा कि एक बार जब व्यक्ति लेट जाता है तो उनसे कई प्रश्न पूछे जाएंगे और जब उन्होंने उत्तर दिया है। वे अपने समय में तंत्र को सक्रिय करते हुए कैप्सूल के अंदर बटन दबा सकते हैं। इसके अलावा इस मशीन के जरिए ऑक्सीजन का लेबल बहुत कम कर दिया जाता है। जिसे 1 मिनट के अंदर मरीज की मौत हो जाती है। इस मशीन को स्इुह्ष्य नाम दिया गया है। वहीं मशीन बनाने वाले डॉक्टर निटसके का कहना है कि अगर सब ठीक रहा तो अगले साल तक यह मशीन इस्तेमाल के लिए उपलब्ध हो जाएगी।

स्विट्ज़रलैंड में कानून विशेष रूप से सहायता प्राप्त आत्महत्या को वैध नहीं माना जाता है, लेकिन यह सहायता प्राप्त आत्महत्या को तभी दंडनीय मानता है, जब अधिनियम में ÷स्वार्थी उद्देश्य÷ साबित हो जाते हैं। सहायता प्राप्त आत्महत्या स्विट्जरलैंड में असामान्य नहीं है। एग्जिट इंटरनेशनल के अनुसार, देश के दो सबसे बड़े सहायता प्राप्त आत्मघाती संगठनों एग्जिट (एग्जिट इंटरनेशनल से अलग) और डिग्निटास की सेवाओं का उपयोग करते हुए 2020 में स्विट्जरलैंड में सहायता प्राप्त आत्महत्या से लगभग 1,300 लोगों की मौत हुई...

## हरीश सीरवी के प्रयास से सुरायता अब विकास की राह पर



**पाली =** सोजत पंचायत समिति सदस्य कविता हरीश चौधरी का कार्यकाल एक साल सफलता पूर्व सम्पन्न हो रहा है। इस कार्यकाल में निम्न प्रकार के अतिमहत्पूर्ण कार्य देश की आजादी के बाद गांव के सपनो के कार्य प्रगति पर है जो इस प्रकार हैं सुरायता से जाडन डामरीकरण रोड़,शिवपुरा से हरीपुर डामरीकरण खामल से भांगेसर डामरीकरण मालपुरिया में सीसी पंचायत परिसर में सीसी जाडन सुरायता रोड़ पर पुलिया निर्माण सुरायता में घर घर नल नल कनेक्शन जल जीवन योजना स्वीकृत और कई जगहों पर हेडपंप मोडावास में छोटे छोटे कार्य विधायका शोभा चौहान के आशीर्वाद से हुए हैं ।और हो रहे हैं। कविता चौधरी के ऐतिहासिक कार्यो को देखते हुए पार्टी ने सोजत विधानसभा क्षेत्र से भाजपा जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा पाली बनाया गया है। कविता चौधरी ने बताया कि अगला मिशन शुद्ध वातावरण के लिए पेड़ पौधे लगवाने के साथ दोनो पंचायत शिवपुरा सुरायता के खेलो के मैदान के विकास पर ध्यान रहेगा। सीरवी के रोड़े के प्रति लगाव आसपास क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## वन-टू-वन

### पंकज चौधरी बने नमो नमो मोर्चा भारत संगठन बालाघाट के जिला अध्यक्ष , शुभचिंतकों ने दी बधाई



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी समर्थक राष्ट्रव्यापी संगठन नमो नमो मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन, राष्ट्रीय कार्यकारी संयोजक सत्यप्रकाश सिंह , राष्ट्रीय सचिव अंकित अल्घ एवं अजय कुमार सिंह , राष्ट्रीय महिला महासचिव राजश्री ताई दांडगे एवं मध्यप्रदेश प्रभारी कन्हैया पटनिहा एवं श्रीमती स्वागतीका एवं प्रदेश महासचिव पवन नाहर के अनुशंसा पिछड़ा वर्ग आयोग कल्याण के अध्यक्ष पूर्व कृषि मंत्री वर्तमान बालाघाट विधायक गौरीशंकर बिसेन एवं नमो-नमो मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम भगत के द्वारा युवा भाजपा नेता पंकज चौधरी को जिलाध्यक्ष पद का नियुक्ति पत्र दिया गया। इस दौरान भाजपा एवं नमो-नमो मोर्चा के कार्यकर्ता सुरजीत सिंह ठाकुर, अजय सुखदेवे, भूपेश कटरे , शिवकुमार बिसेन ,अनमोल रामटेके, निखिल संवारे , आशुतोष भगत एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आप सभी शुभचिंतकों का हृदय से आभार - पंकज चौधरी जिलाध्यक्ष नमो-नमो मोर्चा बालाघाट

आप सभी के प्यार सहयोग एवं समर्थन की बदौलत मुझे आज परम आदरणीय श्री गौरीशंकर बिसेन जी मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष बालाघाट विधानसभा के विधायक एवं पूर्व कृषि मंत्री मध्यप्रदेश शासन तथा नमो-नमो मोर्चा मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष आदरणीय श्री पुरूषोत्तम भगत जी के द्वारा नमो-नमो मोर्चा बालाघाट का जिलाध्यक्ष नियुक्त कर नियुक्ति पत्र प्रदान कर एक नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैं नमो-नमो मोर्चा भारत के सभी नियमों, लक्ष्यों कर्तव्यों एवं अनुशासन का ठीक ढंग से पालन करूंगा। हमेशा पद की प्रतिष्ठा और नैतिकता को बनाए रखते हुए संगठन की व्रद्धि और विकास के लिए पोषक एवं रचनात्मक कार्य करूंगा। मुझे संगठन ने जिन अपेक्षाओं के साथ जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, में संगठन की रीति नीति को जन जन तक पहुँचाउंगा तथा निस्वार्थ भाव से काम करते हुए संगठन का विस्तार करने में भी अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करूंगा। आप सभी शुभचिंतकों के द्वारा मेरे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई इसके लिए सभी इष्ट मित्रों का बहुत बहुत आभार और सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### खेरागढ़ देवी के मंदिर मैं हुआ भगवान श्री राम विवाह

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**

खेरागढ़ के देवी मंदिर मैं भव्य आयोजन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें भगवान श्री राम विवाह का कार्यक्रम आयोजित हुआ देवी मंदिर पर विवाह पंचमी के अवसर पर आज श्री राम जानकी महोत्सव समिति के तत्वावधान में देवी मंदिर पर सर श्री राम जानकी विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्री राम और जानकी का विवाह हुआ दोनों ने एक दूसरे के गले में वरमाला डाली वरमाला डालते ही मंदिर परिसर में रामराज और जानकी के जयकारे गूंज उठे इसके बाद विधि-विधान से मंदिर के महंत भोला पंडित के द्वारा मंडप के नीचे विवाह की रस्म पूर्ण रूप से निभाई गई और महिलाओं ने इस दौरान मंगल गीत गाए और भेंट स्वरूप पर भी दिए गए और कस्बे से लोग श्री राम और जानकी के विवाह महोत्सव की सूचना मिलते ही लोग ऊंटिगिर रोड से वाई पास होते हुए पीपल मंडी तिराहा से होकर देवी के मंदिर पर बारात का आगमन हुआ विवाह समारोह में समिलित काफी मात्रा में महिलाए एवं क्षेत्र वासी सम्मिलित हुए काफी अच्छी सजावट देखने को मिली वही 800से1000लोगो की खाने पीने की व्यवस्था थी और शादी संपन्न होने के बाद प्रसाद वितरण कर विवाह संपन्न कराया ।



# उत्कृष्ट विद्यालय के एनएसएस छात्रों ने चलाया रोको-टोको अभियान, नो मास्क-नो एंट्री



***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड ।** कोरोना के फिर से बढ़ते कहर को देखते हुए आज परीक्षा के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में स्कूल के प्रवेश द्वार पर ही एनएसएस छात्रों द्वारा रोको-टोको अभियान चलाया गया। इसके तहत नो मास्क-नो एंट्री का कड़ाई से पालन करवाकर छात्रों को मास्क पहनने के लिए प्रेरित किया गया। यह अभियान परीक्षा की दोनो पालियों में सुबह और अपराह्न लगभग डेढ़ हजार छात्रों के बीच चलाया गया तथा उन्हे मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग की अनिवार्यता और महत्व समझाते हुए कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन की भयावह संक्रमणता के बारे में बताया। इस दौरान प्राचार्य पी एस चौहान ने कहा कि कोरोना के नए वेरिएंट ने पूरी दुनियां में हड़कंप मचा दिया है। ओमिक्रोन हमारे देश में भी दस्तक दे चुका है। यह डेल्टा वेरिएंट से भी अधिक खतरनाक है। कोरोना की तीसरी लहर और नए वेरिएंट के प्रकोप से सावधान रहने की जरूरत है।अतः हमें फिर से कोविड-19 के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा।सभी छात्र मास्क पहनकर ही घर से बाहर निकलें और सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन करें। अभियान के दौरान एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर ने छात्रों को आगाह करते हुए कहा कि कोरोना की तीसरी लहर की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। हमारी जरा सी लापरवाही हमे महंगी पड़ सकती है। अतः हम फिर से कमर कस लें।कोविड के प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करें।जिन्होंने अभी तक कोरोना का कोई टीका नही लगवाया है या जिनका सेकंड डोज ड्यू है,वे भी आवश्यक रूप से समय निकाल इसे लगवालें।स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। इस अभियान में तनु शर्मा,रोहित,शिवांशी,पूजा शर्मा,गौरव,शाहरुख,अंशिका जैन, स्वप्निल शर्मा,उदय प्रजापति ने विशेष भूमिका निभाई तथा व्याख्याता जे एन पाठक,संजीव जैन, उपेंद्र सिंह भदौरिया,भूपेंद्र सिंह कुशवाह, सतेन्द्र सिंह भदौरिया,पीटीआई आनंद दुबे,सुरेंद्र बघेल,सुभाष दादौरिया उपस्थित रहे।

## ग्राम कुरथरा में श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा की निकली भव्य शोभा कलश यात्रा



**उमाकान्त शर्मा**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** शहर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित ग्राम कुरथरा में भव्य शोभा कलश यात्रा कर श्री मद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू हुआ।यह यात्रा दोपहर 01 बजे शुरू हुई।यह यात्रा शंकर जी के मंदिर से शुरू हुई और गाँव के प्राचीन देव स्थानों पर जाकर भागवत कथा का आमंत्रण पत्र देते हुए भागवताचार्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री रामभूषणदास जी महाराज साथ ही कथा पारीक्षत श्री विशम्भर दयाल बौहरे जी,और साथ ही ब्रह्मानंद बौहरे,बासुदेव बौहरे,सुरेंद्र बौहरे,ओमनारायण बौहरे,आलोक बौहरे सहित समस्त ग्रामीणवासियों ने पूजा अर्चना कर कलश यात्रा महिलाओं और बेटियों द्वारा सभी देव स्थलों पर जाकर पूजा अर्चना करते हुए शंकर जी के मंदिर आदि स्थानों से होते हुए यात्रा भागवत पंडाल में जाकर कलश स्थापित किये। भागवत आचार्य श्री रामभूषण दास जी के द्वारा आरती कर भागवत कथा का प्रथम अध्याय शुरू किया।यह कथा 8 दिसंबर से 14 दिसंबर तक चलेगी।कलश यात्रा के बाद प्रथम दिवस की कथा वाचन में श्री मद्भागवत कथा के महात्मन से परिचय कराया गया। श्री महाराज जी ने कहा कि श्री मद्भागवत कथा ब्रह्म विद्या का विज्ञान है ।यह व्यक्ति को भावमय जीवन की ओर ले जाकर परमात्मा का चिंतन कराता हुआ।

### विशाल कलश यात्रा के साथ श्री मद् भागवत का शुभारंभ।

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी -** खबर कोटा फोरलाईन स्थित खरई,तेंदुआ के श्री पंचमुखी हनुमानजी मंदिर पर प्रतिवर्ष की भांति, श्री मद भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ। परमहंस वृम्हलीन श्री श्री 1008 दर्शनदास जी महाराज के आशीर्वाद से एवं महंत श्री पुजारी महेश दास त्यागी जी महाराज के संरक्षण मैं,कथा केआयोजन की शुरूआत हुई,जो 8 दिसंबर से 14 दिसंबर तक चलेगी। कथा व्यास,वालयोगी पं वासुदेव नंदिनी भार्गव अपनी मधुर वाणी से संगीत मय कथा का वाचन करैंगी।कलश यात्रा के वाद पृथम दिवस की कथा वाचन मै, श्री मद्भागवत कथा के महत्म से परिचय कराया गया। कथावाचक नंदिनी भार्गव ने कहा कि, श्री मद्भागवत वृंम्हा विद्या का विज्ञान है ।यह व्यक्ति को भावमय जीवन की ओर ले जाकर परमात्मा का चिंतन कराता हुआ, परमात्मा की प्राप्ति सहज रूप से करा देता है,यही भागवत शाष्त्र की विशेषता है।



# मिस डोराडो इंडिया 2021 के सीजन-2 का हुआ आयोजन,फाइनल दिसम्बर में



**भोपाल(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

मिस डोराडो इंडिया 2021 सीजन 2 का आयोजन कोरोना महामारी को ध्यान मे रखते हुए ऑनलाइन आयोजित किया गया।जिसमें देशभर से कई राज्यों से युवतियों ने भाग लिया।सभी प्रतिभागियों को निन्शुल्क ग्रूमिंग एक्सपर्टस द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग(गूगल मीट)के माध्यम से ट्रेनिंग प्रदान की गई।जिसमें उनको वॉक,मेकअप,पर्सनालिटी डेवलपमेंट,फिजिकल फिटनेस से रूबरू करवाया।ट्रेनिंग के उपरान्त उन्हें कई राउंड् से निकलना होता हैं।राउंड 1 न्वाक ऑन रील्स,राउंड 2 ऱ टैलेंट राउंड,राउंड 3 न्हेरिटेज वाक ऑन ईवनिंग गाउन,राउंड 4 ऱ सवाल जवाब।द लोकल कलाकार से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य हमारे देश के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना(राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर)और विविध संस्कृति का आदान-प्रदान करना है।

इस प्रतियोगिता का फाइनल दिसंबर माह में अजोगित होगा।जिसमें आकर्षण का केंद्र इंटरनेशनल जज गिज़ेमसाहिन(तुर्की),अदा मारिया इलियाना(रोमानिया),रोमी सिम्पकिन्स(यूरोप)होंगी।यह राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन %द लोकल कलाकार% के फाउंडर गोविंदा द्वारा करवाया जा रहा है।साथ ही द हिन्द टुडे न्यूज मीडिया पार्टनर के रूप में शामिल है।जिनका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्तिगत कलाकारों को सशक्त बनाना है।प्रतिभागियों में हरलीन(पंजाब),रिज़ा(हिमाचल प्रदेश),रूपा(बिहार),सृष्टि(महाराष्ट्र) , तनुजा(हरयाणा),मैत्रेयी(तमिलनाडु) , पलोमिका(पश्चिम बंगाल),करिश्मा(छत्तीसगढ़) आदि शामिल हैं।द लोकल कलाकार के द्वारा बताया गया कि जजमेंट 5त्न सोशल इंटरेक्शन,60त्न वाक एवं प्रश्न उत्तर,30त्न टैलेंट,5त्न पब्लिक वोटिंग के आधार पर होगा।

# म.प्र में पुलिस कमिश्नर सिस्टमः फाइनल ड्राफ्ट तैयार, सीएम जल्द दे सकते है मंजूरी...

**सिस्टम के लागू होते ही दोनों शहरों के पहले पुलिस कमिश्नर और अन्य अफसरों की पोस्टिंग का आदेश भी जल्द जारी किया जा सकता है...**

**केशब पंडित जी अम्बाह...**



**भोपाल...** मध्य प्रदेश में पुलिस कमिश्नर प्रणाली को लेकर इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। खबर मिल रही है कि पुलिस कमिश्नर सिस्टम का फाइनल ड्राफ्ट तैयार हो गया है और पंचायत चुनाव से पहले मध्य प्रदेश सरकार इसको मंजूरी दे सकती है। एक हफ्ते के अंदर इसकी अधिसूचना जारी की जा सकती है।सरकार का यह फैसला चुनाव पर असर डाल सकता है।

दरअसल, बीते दिनों सीएम शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर और भोपाल में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू करने का फैसला किया था। इसी बीच पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया। अब खबर मिल रही है कि मध्य प्रदेश सरकार ने पुलिस कमिश्नर प्रणाली की अधिसूचना का ड्राफ्ट फाइनल कर लिया है और अब बस सीएम शिवराज की मंजूरी का इंतजार है।सिस्टम के लागू होते ही दोनों शहरों के पहले पुलिस कमिश्नर और अन्य अफसरों की पोस्टिंग का आदेश भी जल्द जारी किया जा सकता है।

संभावना जताई जा रही है कि यूपी दौरे से पहले सीएम शिवराज इस पर सहमति की मोहर लगा सकते है और दोनों शहरों में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू हो जाएगा। चुंकी 13 दिसंबर को वे यूपी के बनारस जाएंगे और यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक लेंगे। इसमें राज्यों के नवाचार व विकास के कामों का प्रेजेंटेशन होगा, ऐसे में अटकलें तेज हो गई है कि दौरे से पहले सिस्टम को प्रदेश में लागू किया जा सकता है और पुलिस अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी जा सकतत है बता दे कि बीते दिनों मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का बयान सामने आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि भोपाल और इंदौर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम जल्द ही लागू कर दी जाएगी। इसके ड्राफ्ट को गृह विभाग, विधि विभाग और वित्त विभाग ने अपनी स्वीकृति दे दी है और अब जल्द ही यह मूर्त रूप में आ जाएगी। गृह विभाग के द्वारा जो भी धाराएं और नियम है, उसमें संशोधन कर रहे है, वही नगर निगम के अंतर्गत आने वाले थाने इसमें रहेंगे। इसमें अलग अलग स्तर पर पुलिस को नियुक्त किया जाएगा।

### पुलिस कमिश्नर प्रणाली एक नजर में

भोपाल के 32 थाने और इंदौर के 34 थाना क्षेत्रों में यह पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू करने की तैयारी है।

गृह विभाग ने दंड संहिता की धारा 107/16, 144,133, पुलिस एक्ट, मोटर व्हीकल अधिनियम, राज्य सुरक्षा अधिनियम, शासकीय गोपनीयता, अनैतिक देह व्यापार, राज्य सुरक्षा जिला, किडनैप आदि के अधिकार पुलिस को देने का प्रस्ताव तैयार किया है।

जिस दिन नोटिफिकेशन जारी होंगे, उसी दिन इस प्रणाली के तहत पुलिस अफसरों की नियुक्ति कर दी जाएगी।

भोपाल और इंदौर दोनों जगह अलग-अलग पुलिस आयुक्त रहेंगे।

तीन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, आठ उपायुक्त, 12 अतिरिक्त पुलिस आयुक्त और 19 सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।इस तरह करीब 43 अफसरों का स्टॉफ रहेगा।

एरिया नोटिफिकेशन के तहत शहरी पुलिस थाना क्षेत्र में यह प्रणाली लागू होगी। इसमें नगर निगम सीमा के सभी पुलिस थाने रहेंगे।

इसके अलावा देहात के थानों को बाहर रखा जाएगा, लेकिन जिन पुलिस थानों के क्षेत्र में देहात और शहरी क्षेत्र दोनों शामिल रहेंगे, उन्हें भी प्रणाली में शामिल रखा जाएगा। यानी जिन पुलिस थानों का पूरा क्षेत्र देहात हैं, वो ही इससे बाहर रहेंगे...




भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ जिला अध्यक्ष लवकुश गुर्जर कांग्रेस कमेटी पिछड़ावर्ग के नेतृत्व मे प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय राजमणि पटेल जी के साथ अन्य सभी कांग्रेसी सांसदों के निलंबन को वापस लेने की मांग को लेकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए 1 किलोमीटर पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया जिसमे मुख्य रूप से ग्रामीण अध्यक्ष पिछड़ावर्ग कोंग्रेस हरदीप गुर्जर, पिछड़ावर्ग कोंग्रेस महिला अध्यक्ष ज्योति सिंह, यूथ जिला अध्यक्ष पिछड़ावर्ग हेमंत कुशवाह प्रदेश महासचिव योगेन्द्र गुर्जर राहुल बघेल सरमन राय श्याम कुशवाह जी सभी विभाग के अध्यक्ष गण, सेवादल अध्यक्ष हरेंद्र गुर्जर, महीला कोंग्रेस रुचि ठाकुर वीणा भारद्वाज सीमा समधिया सुनीता तोमर रचना कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष उपस्थित रहे ।

## भोपाल में सबसे ज्यादा 7 पॉजिटिव मिले, यूके और कनाडा से लौटे दो व्यक्ति भी पॉजिटिव, इंदौर में 6

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 24 घंटे में 14 नए कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। एक दिन बाद फिर भोपाल में सबसे ज्यादा 7 पॉजिटिव आए है। इसमें दो यूके और कनाडा से लौटे दो व्यक्ति भी शामिल हैं। इन दोनों को भोपाल के काटजू अस्पताल में अन्य मरीजों से अलग आईसोलेट करके रखा गया है। इनके सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे गए है। दोनों के घर को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। इसके अलावा इंदौर में 6 और बैतूल में एक युवक पॉजिटिव मिला है। प्रदेश में मंगलवार को 13 मरीज ठीक भी हुए। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या 141 हो गई है। प्रदेश में 20 दिन में 302 कोरोना पॉजिटिव मिल चुके हैं। रोजाना औसत 15 केस मिल रहे हैं। इन 20 दिनों में सबसे ज्यादा 136 पॉजिटिव भोपाल में आए हैं। यहां रोज औसतन 7 केस आ रहे हैं। इसके अलावा 20 दिन में इंदौर में 106 संक्रमित मिले हैं।

## प्रदेश में भाजयुमो के छह जिलाध्यक्षों की नियुक्ति

**भोपाल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष वैभव पवार ने छह जिलों में अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इससे पहले सोमवार को भाजयुमो में पांच जिलाध्यक्षों की नियुक्तियां की गई थीं। बुधवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की सहमति से वैभव पवार ने छह जिलों में बनाए गए नए अध्यक्षों की सूची जारी की। इसमें भोपाल नगर में अजय पाटीदार, सिवनी में अजय राहंगडाले, पन्ना में भास्कर पांडे, शहडोल में प्रियम त्रिपाठी, आगर में प्रवेश गुप्ता और सागर में यश अग्रवाल को भाजयुमो का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले सोमवार को मंडला में आशीष झारिया, अविनाश छाबड़ा डिंडौरी, विकास माहेश्वरी आलीराजपुर, मनोज ठाकुर इंदौर ग्रामीण और भरत यादव को दमोह जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

## मंत्रालय कर्मचारी संघ के चुनाव में विवाद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सचिवालय (मंत्रालयीन) कर्मचारी संघ के चुनाव को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। संघ की मौजूदा कार्यकारिणी द्वारा कराए जा रहे चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने पर मंगलवार को दिनभर नारेबाजी और विवाद हुआ। दरअसल, संघ के पत्र पर सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन प्रक्रिया में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए भोपाल के कलेक्टर, एसपी सहित मंत्रालय के सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिया। मंगलवार शाम को ही विभाग ने पत्र निरस्त कर दिया। मंगलवार से प्रारंभ हुई चुनाव प्रक्रिया में नामांकन पत्रों के वितरण का कार्य होना था। इसे लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मंत्रालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी और अरेरा हिल्स थाना प्रभारी को संघ के निर्वाचन अधिकारी भगवान सिंह यादव को सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, जो शाम को निरस्त कर दिए।

### लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री चौधरी और नवकरणीय ऊर्जा मंत्री डंग ने की तैयारियों की समीक्षा

# प्रदेश की पहली सोलर सिटी साँची में लगेगा 6 हजार किलोवाट का सोलर सिस्टम

*__भोपाल।__ नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी की उपस्थिति में साँची में हुई बैठक में साँची को सोलर सिटी बनाने के लिये कार्य-योजना तैयार की गई। केन्द्र शासन द्वारा प्रत्येक राज्य में एक शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। मध्यप्रदेश शासन ने पर्यटन और राजधानी से निकटता को ध्यान में रखते हुए साँची को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।*

*मंत्री डंग ने बताया कि सोलर सिटी परियोजना में साँची ग्रिड सिस्टम में 6 हजार किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम लगाया जायेगा। साँची के प्रत्येक घर, कृषि और उद्योग को सोलर सिस्टम से जोड़ा जायेगा। इससे बिजली का बिल, प्रदूषण, सरकारी सब्सिडी की आवश्यकता में कमी आने के साथ स्थानीय अर्थ-व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। डंग ने आशा व्यक्त की कि साँची अन्य शहरों के लिये अनुकरणीय मॉडल बनेगा। साँची की पर्यटन के साथ सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी अलग पहचान होगी।*

*डंग ने कहा कि विभाग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रदेश को अधिक से अधिक ग्रीन ऊर्जामय बनाने के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये अनवरत प्रयास कर रहा है। सौर ऊर्जा परियोजनाओं में मध्यप्रदेश ने देश में अग्रणी स्थान हासिल कर लिया है।*

*साँची को ग्राउंड माउंटेड सोलर सिस्टम बनाने के लिए नागोरी गाँव में 20 एकड जमीन चिन्हित की गई है। सोलर सिस्टम क्षमता के फेस 1.5 मेगावॉट की स्थापना के लिए अतिरिक्त 4 हेक्टयर भूमि की पहचान की जाएगी।*



### परियोजना के परिप्रेक्ष्य में साँची स्तूप का किया अवलोकन

मंत्री डॉ. चौधरी और डंग ने परियोजना के परिप्रेक्ष्य में साँची स्तूप का भी भ्रमण किया। स्तूप में प्रवेश द्वार, चेतिया गिरि विहार आदि में सोलर हाई मास्ट लाइटस के संभावित क्षेत्रों को देखा। प्रमुख सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा संजय दुबे, प्रबंध संचालक म.प्र. ऊर्जा विकास निगम विवेक पोरवाल और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### धांधली की शिकायत के बाद सीएम ने दिए आदेश

# कमलनाथ सरकार में हुए स्मार्ट सिटी के टेंडर्स की होगी जांच

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के 7 बड़े शहरों में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के करोड़ों रुपये के काम में धांधली की जांच की जाएगी। 2019 में हुए टेंडर में धांधली की शिकायत के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान ने जांच का आदेश दिया है। ये सारे टेंडर तत्कालीन कमलनाथ सरकार के दौरान किये गए थे।

सीएम शिवराज सिंह ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के काम की समीक्षा के लिए बैठक बुलायी थी. इसमें करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट्स में बड़े पैमाने पर धांधली की जानकारी सामने आई है। स्मार्ट प्रोजेक्ट्स में निर्माण कार्यों में गड़बड़ी करने पर उन्होंने अफसरों को फटकार लगाई थी. उसके बाद सरकार एक्शन में आयी।

**कमलनाथ सरकार में हुए टेंडर की जांच:** प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यों के ठेकों की जांच कराने का ऐलान किया है. उन्होंने कहा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में कांग्रेस की तत्कालीन सरकार के समय बड़े पैमाने पर धांधली हुई हैं. अपनों को उपकृत करने के लिए कांग्रेस सरकार में मनमर्जी से ठेके दिए गए हैं और करोड़ों रुपए की बर्बादी हुई है. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरे मामले में जांच के आदेश दिए हैं. जांच में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ एक्शन होगा।



### मुख्यमंत्री ने कहा-बंद पड़ी फाइलें निकालिए

दिन पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की समीक्षा की थी. समीक्षा में जो हकीकत निकल कर सामने आई उसके बाद मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग और अफसरों को जमकर फटकार लगाई थी. मुख्यमंत्री ने कहा था कि मुझे आश्चर्य है स्मार्ट सिटी के कमरे बंद हैं. उन फाइलों को निकालिए जहां-जहां गलती हुई है. उसमें सुधार कीजिए. स्मार्ट सिटी का जो पैसा बचा हुआ है उसे उपयोगिता के आधार पर शहरों में खर्च किया जाए. मुख्यमंत्री ने कहा लापरवाही बिल्कुल नहीं चलेगी. स्मार्ट सिटी को लेकर अब सरकार प्राथमिकता तय करेगी और हर महीने प्रोजेक्ट की समीक्षा होगी।

### कांग्रेस भड़की

कांग्रेस सरकार में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में धांधली के आरोप पर कांग्रेस भड़क उठी है. पूर्व मंत्री डॉक्टर गोविंद सिंह ने कहा यदि कहीं कोई गड़बड़ी हुई है तो सरकार को जांच करानी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए. पूर्व मंत्री ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में बीजेपी सरकार में डिवेलप प्लॉट बेचने का आरोप लगाया. डॉक्टर गोविंद सिंह ने कहा बीजेपी सरकार सिर्फ बयानबाजी के जरिए भ्रम फैला रही है. यदि कहीं कोई गड़बड़ी हुई है तो कानूनी कार्रवाई करना चाहिए लेकिन सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है. लेकिन वो सिर्फ विपक्ष पर आरोप लगा रही है।

### लोक निर्माण मंत्री मंत्री ने उठाया था मुद्दा

प्रदेश के 7 बड़े शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, रतलाम और सागर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करोड़ों के निर्माण कार्य चल रहे हैं. इन निर्माण कार्यों को लेकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने भी सवाल खड़े किए. अब मुख्यमंत्री की फटकार के बाद सरकार एक्शन मोड पर नजर आ रही है।

## आईएफडब्ल्यूजे सोजत रानी कार्यकारिणी का गठन



**गहलोत और भाटी ने किया टीम का किया ऐलान**

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता/पाली**

पाली रानी ।सोजत इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के प्रदेशाध्यक्ष उपेन्द्रसिंह राठौड़ पाली जिला अध्यक्ष अरुण कुमार जोशी के निर्देशानुसार सोजत और रानी उपखंड की पुर्नगठन प्रकिया के तहत जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त करके सोजत उपखंड रानी उपखंड स्तर कार्यकारिणी का गठन किया गया। रानी उपखंड से चुनावी प्रक्रिया में बाबूलाल भाटी को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। आईएफडब्ल्यू जे संगठन पाली जिला अध्यक्ष अरूण जोशी के उपस्थिति में मंगलवार को सोजत उपखंड कार्यकारिणी का गठन किया गया। । जिसमें उपस्थिति सभी सदस्यों द्वारा उपखंड अध्यक्ष पद पर कैलाश गहलोत को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यकारिणी के चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर धन्नाराम परिहार, राजेश शर्मा, महासचिव पद पर प्रकाश राठौड़, कोषाध्यक्ष ताराचंद गहलोत, प्रवक्ता अब्दुल समद राही, सचिव पद पर महावीर गहलोत, भुवनेश टांक, रमेश भट्ट को चुना गया। सलाहकार के रूप में महेन्द्रसिंह राठौड़ ललित कुमार शर्मा रामेश्वर चौहान,मीठालाल पंवार को चुना गया। इस मौके कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हरीशचंद्र ,नत्थाराम बौराणा, अशोक गहलोत, दिलखुश गहलोत गजेन्द्र कुमार को चुना गया।

## शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में चल रहे घटिया निर्माण कार्य के लिये अभाविप एस. डी. एम को दिया ज्ञापन



**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग पुष्पांजलि टुडे**

**मेहगांव** – अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेहगांव के कार्यकर्ताओं के द्वारा शासकीय महाविद्यालय में चल रहे 3 करोड़ 14 लाख रुपये के निर्माण कार्य के संबंध में एस. डी. एम मेहगांव को ज्ञापन सौंपा। अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन भदौरिया ने ज्ञापन में कहा है कि हाउसिंग बोर्ड के ठेकेदार द्वारा महाविद्यालय के भवन के निर्माण में स्टीमेट के अनुसार कार्य नही किया जा रहा है एवं घटिया व निम्न स्तर के सरिया, ईंटों एवं सीमेंट का कार्य हो रहा है। वहीं 1 वर्ष की अवधि में कार्य पूरा होना था जिसे अभी 2 वर्ष बीत चुके लेकिन अभी 50% भी काम नही हुआ। करीब 3 करोड़ के टेंडर में ठेकेदार और हाउसिंग बोर्ड के इंजीनियरों के द्वारा सिर्फ काम के नाम पर फॉर्मेलिटी कर महाविद्यालय के करोड़ों रुपये डकारने की कोशिश की जा रही है कराए जा रहे नगर मंत्री प्रशांत शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के बाउंड्री वॉल का भी जब निर्माण कराया गया तो उस दौरान न ही उसकी तलाई की गई और न ही पिलर की मजबूती दी गई। जिसको लेकर पूर्व प्राचार्य के माध्यम से हाउसिंग बोर्ड विभाग को भी जांच हेतु ज्ञापन दिया है। उक्त ज्ञापन पर कार्यवाही नही की गई तो अभाविप आंदोलन कर इस घटिया निर्माण कार्य का विरोध करेगी।ज्ञापन के दौरान नगर मंत्री प्रशान्त शर्मा, सचिन दीक्षित,राहुल गुर्जर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बढ़ती महंगाई,गिरती अर्थव्यवस्था को लेकर जयपुर में कांग्रेस की विशाल रैली: मानसिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी व सांसद राहुल गांधी करेंगे देश को संबोधित भिण्ड जिला के पदाधिकारी एवं कांग्रेस नेता भी रैली में होंगे शामिल**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में महंगाई, बेरोजगारी, एवं पेट्रोल डीजल की बेतहाशा वृद्धि के अलावा अन्य कई मुद्दों को लेकर राजस्थान के जयपुर जिले में 12 दिसंबर को होने वाली विशाल कांग्रेस रैली को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसको लेकर जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने जिले भर के कार्यकर्ताओं व विधायक,पूर्व विधायक,पार्षद,पूर्व पार्षद, जिला पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य गण नगर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष,पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष एवं मोर्चाओ के अध्यक्षों के अलावा कांग्रेश के सभी कार्यकर्ताओं को सूचित करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने एवं देश व प्रदेश में महंगाई पर अंकुश लगाने को लेकर यह विशाल रैली आयोजित की जा रही है।

### गरमा गरम पकवानों का लुफ्त उठा सकेंगे

# पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस समेत 9 ट्रेनों में रेलवे ने शुरू की खास सुविधा

**भोपाल।** ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री अब सफर के दौरान गरमा गरम पकवानों का लुफ्त उठा सकते हैं. उन्हें ट्रेन के अंदर ही एक ऑर्डर करने पर गरमा गरम भोजन मिलेगा. पिछले 18 महीनों से यह सुविधा ट्रेनों के अंदर बंद थी. ट्रेनों में सिर्फ रेडी टू ईट फूड ही मिल रहा था. यह सुविधा उन चुनिंदा ट्रेनों में ही मिलेगी, जिन ट्रेनों को रेलवे प्रशासन ने अनुमति दी है।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों को गरमा गरम खाने की सुविधा शुरू की गई है. रेलवे ने कुछ दिनों पहले इस सुविधा को शुरू किया है।

भोपाल से ऐसी 9 ट्रेनें होकर गुजरेंगी, जिसमें यात्री गरम खाना खा सकते हैं. कोरोना के चलते गरमा गरम खाने की व्यवस्था को रेलवे प्रशासन ने बंद कर दिया था. इसकी जगह जब कुछ रियायत दी गई तब रेडी टू ईट फूड ट्रेनों में दिया जाने लगा था, लेकिन अब ट्रेन के अंदर गरमा गरम भोजन मिल सकेगा. इसमें दाल, चावल, रोटी, अलग-अलग सब्जी, स्वीट्स समेत जरूरी दूसरे रूटीन के पकवान मिल सकेंगे।

**इन 9 ट्रेनों में मिलेगा गरमा गरम खाना:** रेलवे शासन ने देशभर में कुल 71 ट्रेनों में गर्म खाने की सुविधा मुहैया कराई थी. इनमें से भोपाल से गुजरने वाली 9 ट्रेनों जयपुर एक्सप्रेस, चेन्नई सेंट्रल जयपुर एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, गोवा एक्सप्रेस, पुरी जोधपुर एक्सप्रेस, निजामुद्दीन यशवंतपुर संपर्क क्रांति, शताब्दी एक्सप्रेस और कन्याकुमारी एक्सप्रेस में अब इस सुविधा का लाभ मिलने लगा है।



### 18 महीने में शुरू की सुविधा

18 महीने के बाद फिर यात्रियों को फ्रेश खाना मिलेगा। बस यात्रियों को गरमा गरम खाने के लिए ऑर्डर देना होगा। ट्रेनों के अंदर गरम खाने को पूरे कोरोना प्रोटोकॉल के तहत बनाने का दावा किया जा रहा है। गाइडलाइन का इसमें पालन किया जा रहा है. अब धीरे-धीरे लोग ट्रेनों में इस खाने का लुफ्त उठाने लगे हैं।

### शासकीय शालाओं की गुणवत्ता और बेहतर व्यवस्था से निजी स्कूलों का आकर्षण कम होगा

# योग को खेल के रूप में शालेय शिक्षा के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि योग को खेल के रूप में विकसित कर शालेय शिक्षा के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा। प्रदेश में जन-जन तक योग के विस्तार के लिए योग आयोग का गठन किया जाएगा। योग की शिक्षा को शालेय स्तर पर जोड़ने से शिक्षा को रूचिकर बनाने और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संवर्धन में सहायता मिलेगी। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार किया जा रहा है। विद्यार्थियों को विभिन्न सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

शिक्षा को रूचिकर बनाने की दिशा में जारी इन प्रयासों से निजी स्कूलों की ओर जन-सामान्य का आकर्षण कम होगा। इस दिशा में जारी गतिविधियों के परिणाम शीघ्र ही प्रदेशवासियों को देखने को मिलेंगे। शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार देना है। प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में व्यावसायिक शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा देने की प्रभावी पद्धति का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री चौहान मंत्रालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए गठित टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इंदर सिंह परमार, विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण राव तथा राष्ट्रीय महामंत्री राम अरावकर, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरूण शमी सहित टास्क फोर्स के सदस्य तथा विषय-विशेषज्ञों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों में श्रम की प्रतिष्ठा को स्थापित करने की आवश्यकता है। गत वर्षों में शिक्षा व्यवस्था ने काम करने की प्रवृत्ति और श्रम के प्रति सम्मान के भाव को कम किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्थानीय कौशल और महत्वपूर्ण व्यवसायिक शिल्प सीखने के स्पष्ट प्रावधान हैं। इन गतिविधियों से विद्यार्थियों में श्रम की प्रतिष्ठा और श्रम कर रहे लोगों के प्रति सम्मान का भाव जागृत करने में मदद मिलेगी। इस दिशा में टास्क फोर्स को गंभीरता से कार्य करना होगा।

स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इंदर सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसमें राज्य पाठ्यचर्या के लिए 4 फ्रेमवर्क समूह और स्टेट केरीकुलम फ्रेमवर्क के विकास के लिए राज्य स्तर पर 25 फोकस ग्रुप गठित किए गए हैं।

### कक्षा 5वीं से 6वीं और कक्षा 8वीं से 9वीं में प्रवेश के लिए भी स्कूल चले अभियान चलाया जाए

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि केवल शालाओं में प्रवेश के लिए ही नहीं अपितु कक्षा 5वीं से 6वीं और कक्षा 8वीं से 9वीं में प्रवेश के लिए भी स्कूल चले अभियान चलाया जाए। कक्षा 6 और कक्षा 9 में ड्राप आउट की संख्या में कमी लाने के लिए यह गतिविधि आवश्यक है। मुख्यमंत्री चौहान ने शिक्षा को अधिक से अधिक रूचिकर और गतिविधि केंद्रित बनाने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण, शालेय शिक्षा में आईटी के उपयोग, बच्चों के लिए त्रि-भाषा योजना के क्रियान्वयन तथा पलायन करने वाले परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा की विशेष व्यवस्था करना आवश्यक है।

## उप महाप्रबंधक निलंबित, तीन अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकी

### महाप्रबंधक ग्वालियर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ता सेवाएं पारदर्शी के साथ प्रभावी होनी चाहिए। नये कनेक्शन, औपचारिकता पूरी होने पर 7 दिवस के अंदर हर हाल में मिल जाना चाहिए।

ऐसे मीटर रीडर जो मीटर रीडिंग में त्रुटि करते हैं, जिनके कारण उपभोक्ता को गलत बिल मिलने से कंपनी की छवि प्रभावित होती है, उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। मिश्रा ने यह बात समीक्षा बैठक में ग्वालियर एवं भोपाल रीजन के महाप्रबंधकों से कही। बैठक में पुनरीक्षित बिलों के प्रकरण में जाँच के दौरान उप महाप्रबंधक अरूण शर्मा को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है। उप महाप्रबंधक राहुल साहू, प्रबंधक सी.पी. शर्मा और गौतम कुमार की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश दिये। महाप्रबंधक शहर वृत्त ग्वालियर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# घर-घर दस्तक देकर कराएँ टीकाकरण : कलेक्टर श्री सिंह





## कोरोना टीकाकरण महाअभियान का जायजा लेने कलेक्टर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पहुँचे

ग्वालियर 08 दिसम्बर 2021/ कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह बुधवार को कोरोना टीकाकरण महाअभियान का जायजा लेने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पहुँचे। उन्होंने इस दौरान टीकाकरण दलों को निर्देश दिए कि स्थायी टीकाकरण केन्द्र पर कोरोना टीका लगाने के साथ-साथ घर-घर संपर्क कर भी शेष लोगों को द्वितीय डोज के टीके लगाएं। साथ ही जोर देकर कहा कि हर हाल में दिसम्बर माह के भीतर टीकाकरण का लक्ष्य पूरा कर लिया जाए।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने हस्तिनापुर पहुँचकर ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक सहित टीकाकरण टीम में शामिल अन्य सदस्यो से चर्चा की। साथ ही ग्रामीणों को भी टीकाकरण के लिये प्रोत्साहित किया। इसी क?ी में उन्होंने ग्वालियर शहर में ठाठीपुर, मुरार व वार्ड 24 के अन्य टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचकर टीकाकरण की वस्तुस्थिति जानी।

# शहर के नए वार्डों के विकास के लिये धन की कमी नहीं आने दी जायेगी : श्री भारत सिंह



## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने वार्ड 62 में किया सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

ग्वालियर। ग्वालियर शहर से जुड़े नए वार्डों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिये धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। सरकार इन वार्डों के सुनियोजित विकास के लिये कटिबद्ध है। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने कही। श्री कुशवाह बुधवार को शहर के वार्ड 62 के अंतर्गत बेहटा व भदरौली में डाम्बरीकृत स?कों का भूमिपूजन करने पहुँचे थे। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने मैथाना में आयोजित हुए कार्यक्रम के जरिए बेहटा मेन रो? से देवी सिंह किरार के घर तक 600 मीटर लम्बी डाम्बरीकृत स?क के निर्माण के लिये भूमिपूजन किया। इस स?क का निर्माण नगर निगम निधि द्वारा 30 लाख रूपए की लागत से किया जायेगा। इसके बाद उन्होंने भदरौली में नगर निगम की लगभग 58 लाख रूपए की निधि से बनने जा रही एक किलोमीटर लम्बी डाम्बरीकृत स?क का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रमों में श्री कुशवाह ने कहा कि सरकार जल्द ही ग्वालियर जिले में 100 एक? का फ्लोरी कल्चर गार्डन स्थापित करने जा रही है।






# खिलाडी खेल भावना से करें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनः नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री श्री भदौरिया



## खेल में हार-जीत से ज्यादा खेल भावना महत्वपूर्णः श्री तोमर

**नगर निगम ग्वालियर एवं डिस्ट्रिक्ट एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन, पुरुस्कार वितरण 11 दिसम्बर को**

ग्वालियर। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाडी खेल भावना के साथ खेलकर अपने खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उक्ताशय के विचार आज नगर निगम ग्वालियर एवं डिस्ट्रिक्ट एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में एकलव्य खेल परिसर में खेली जा रही बॉक्सिंग प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री श्री ओपीएस भदौरिया ने बच्चों के समक्ष व्यक्त किए। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के उपाध्यक्ष श्री देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू भैया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कहा कि खेल में हार-जीत से ज्यादा खेल भावना के साथ खेलना महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी खिलाडी अपना अच्छा प्रदर्शन करें। बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आज समापन हुआ तथा विजेता खिलाडियों को पुरुस्कार वितरण 11 दिसम्बर 2021 को बीवीएम कॉलेज में दोपहर 1.30 बजे समारोह आयोजित कर किए जाएंगे। नगर निगम के उपायुक्त एवं खेल अधिकारी श्री सतपाल सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के मुकाबले में जूनियर बालिका वर्ग में मुस्कान खान ने अंजलि भदोरिया को हराकर जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विजय हासिल की।

# स्वच्छता हर दिवस का कार्य, हर गली, मोहल्ला व सडक हो साफः निगमायुक्त श्री कन्याल

**ग्वालियर पूर्व व दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के कचरा संग्रहण कर्मचारियों की कार्यशाला आयोजित**



ग्वालियर। स्वच्छता एक दिन का नहीं बल्कि हर दिन का कार्य है और हम सभी को प्रतिदिन स्वच्छता के प्रति जागरुक रहकर अपने शहर की हर गली, प्रत्येक मोहल्ला व सडक को साफ व स्वच्छ बनाना है, जिससे शहर में आने वाले लोगों में हमारे शहर की छवि साफ व स्वच्छ शहर की बने। इस कार्य की सबसे महत्वपूर्ण कडी आप सभी हो, क्योंकि यदि आप सभी प्रत्येक घर से कचरा संग्रहित करेंगें और आमजनों को सडक पर कचरा न फैंकनें का आग्रह करेंगें तो कचरा सडक पर नहीं आएगा और शहर साफ व स्वच्छ रहेगा। यह संदेश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज ग्वालियर पूर्व एवं दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सभी टिपर वाहन चालक, हेल्पर, डब्ल्यूएचओ, स्वच्छता निरीक्षक एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर चर्चा के दौरान दिया। बैठक में अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उपायुक्त डॉ अतिबल सिह यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। स्वच्छ ग्वालियर, स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 एवं ग्वालियर शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा निगम मुख्यालय में आयोजित विधानसभा वार कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज ग्वालियर पूर्व व दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सभी टिपर वाहन चालक, हेल्पर, डब्ल्यूएचओ, स्वच्छता निरीक्षक एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की जाकर निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा सभी से चर्चा की गई तथा उन्हें बताया गया कि किस प्रकार उन्हें अपने क्षेत्र के प्रत्येक घर में महिलाओं से आग्रह कर सूखा व गीला कचरा अलग-अलग लेना है। इसके लिए सभी टिपर वाहनों पर स्टीकर भी रखवाए गए।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रभारी मंत्री श्री सिलावट आज से ग्वालियर के चार दिवसीय प्रवास पर

ग्वालियर। प्रदेश के जल संसाधन एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट 9 दिसम्बर से ग्वालियर के चार दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। श्री सिलावट इस दिन वायु मार्ग से दोपहर 12.15 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ग्वालियर आगमन के बाद जिला चिकित्सालय मुरार व सिविल हॉस्पिटल हजीरा का निरीक्षण करने जायेंगे। साथ ही अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। श्री सिलावट ग्वालियर प्रवास के दौरान 10, 11 व 12 दिसम्बर को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री सिलावट 12 दिसम्बर को रात्रिकाल में रेल मार्ग द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

## अमृत महोत्सव के संबंध में एनसीसी अकादमी में कार्यक्रम आज

ग्वालियर। भारत सरकार रक्षा मंत्रालय व विभिन्न शासकीय एवं सामाजिक संस्थाओं के द्वारा पूरे देश में अखिल भारतीय अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आजादी के पूर्व व आजादी के बाद भारत माता की रक्षा में अपने सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों की वीर नारियों का सम्मान करना है। इसी तारतम्य में एनसीसी को ग्वालियर एवं चंबल संभाग के वीर सपूत शौर्य चक्र से सम्मानित रायफल मैन कल्याण सिंह तोमर, 11 राजपूताना रायफल की वीर नारी श्रीमती शीलू तोमर व वीर शहीद सिपाही शैलेन्द्र सिंह जादौन, 9 राजपूत रेजीमेंट की वीर नारी श्रीमती सुमन जादौन का सम्मान करने का सौभाग्य प्रापत होने जा रहा है। इस उपलक्ष्य में 9 दिसम्बर को प्रातः 11.40 बजे कम्पू स्थित एनसीसी मैदान में कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर व्ही एम शर्मा, कमाण्डर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय ग्वालियर होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल अरिंदम मजुमदार कमान अधिकारी 15 म.प्र. बटालियन एनसीसी ग्वालियर होंगे। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये शहर के गणमान्य नागरिक, एनसीसी कैडेट व सैन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## प्रधानमंत्री आवास स्थलों पर बने व्यावसायिक स्थलों का निगम की प्राधिकृत समिति द्वारा किया गया गाइडलाइन अनुसार आरक्षण

ग्वालियर। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न पैकेजों में बनाए जा रहे आवास स्थलों पर दुकानें एवं व्यवसायिक स्थल भी बनाए जा रहे हैं। जिसके लिए आज नगर निगम की आरक्षण प्राधिकृत समिति द्वारा शासन की गाइडलाइन अनुसार व्यवसायिक स्थलों का आरक्षण लॉटरी के माध्यम से किया गया। नोडल अधिकारी सम्पदा शाखा श्री अरविंद चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न पैकेजों में बनाए जा रहे आवास स्थलों पर दुकानों एवं व्यवसायिक स्थलों के आरक्षण को लेकर शासन की गाइडलाइन अनुसार आरक्षण प्राधिकृत समिति द्वारा सिरोल की 58 दुकानों, मानपुर फेस-1 की 59 दुकानों, मानपुर फेस-2 की 15 दुकानों एवं महलगांव की 35 दुकानों एवं सिरोल पर 22 प्लाटों तथा मानपुर में 8 प्लाटों के लिए आरक्षण किया गया। आरक्षण समिति में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता श्री आर के श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी पीएमएवाय श्री पवन सिंघल, श्री सुरेश अहिरवार, श्री महेन्द्र अग्रवाल, श्री सुरेन्द्र जैन एवं श्री अरविंद चतुर्वदी शामिल रहे।

## निरीक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों पर होगी कडी कार्यवाही, उपायुक्त के निरीक्षण में 21 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

ग्वालियर। शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए उपायुक्त डॉ अतिबल सिंह यादव द्वारा विभिन्न वार्डों में किए गए निरीक्षण के दौरान आज 21 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिसके चलते सभी कर्मचारियों को नोटिस दिया गया। जिसमें 2 माह से अधिक समय से अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों को सेवा समाप्ति का नोटिस दिया गया, यदि वह तीन दिवस में अपनी उपस्थिति नहीं देते हैं तो उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। इसके साथ ही अन्य कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा गया। निरीक्षण के दौरान नाला गैंग में रोहित पुत्र मनोज, अर्जुन पुत्र मुन्ना, करन पुत्र राजू, केवल पुत्र सीताराम, अमर पुत्र भगवान, विजय पुत्र बुधाराम, प्रमोद पुत्र वीरेंद्र एवं वार्ड 21 में लक्ष्मी नारायण पुत्र मुन्नी, अरुण पुत्र कैलाश, शषि पत्नि शालू, रेखा पत्नी मुकेश, मनोज पुत्र कल्लू तथा वार्ड 64 में आकाश पुत्र छविराम, लक्ष्मण पुत्र राजाराम एवं भूरे पुत्र लटूरे अनुपस्थित पाए गए।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478